GE नगर संस्करण

सांध्य दैनिक

# गुड इवनिंग

इंदौर-भोपाल-ग्वालियर से प्रकाशित

अलग अंदाज़, अलग नज़रिया | इंदौर, बुधवार, 12 मार्च 2025 | मूल्य एक रुपए | ■ पृष्ठ : 8 ■ वर्ष : 08 ■ अंक : 347

www.goodeveninglive.com | https://www.facebook.com/goodevening01 | www.goodeveningonline.com


पेज-6 'विकसित भारत के निर्माण में नॉर्थ ईस्ट का योगदान सबसे महत्वपूर्ण होगा'



## Short News

### जेडी वेंस इसी महीने भारत आएंगे



**वाशिंगटन।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस इस महीने के आखिर में पत्नी उषा वेंस के साथ भारत के दौरे पर आ सकते हैं। सूत्रों के अनुसार जेडी वेंस का पदभार संभालने के बाद से दूसरा विदेश दौरा होगा। उषा वेंस, जो भारतीय मूल की हैं, का भारत का यह पहला दौरा होगा। खास बात ये है कि उपराष्ट्रपति की यह यात्रा टैरिफ कटौती को लेकर भारत और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के बीच हो रही है। अमेरिकी समाचार पत्र 'पोलिटिको' की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि वेंस अपनी पत्नी उषा वेंस के साथ इस महीने के अंत में भारत की यात्रा करेंगे। 'पोलिटिको' ने इस योजना से परिचित तीन सूत्रों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी है।

### नासा ने लॉन्च की अंतरिक्ष दूरबीन, पूरे अंतरिक्ष को देख सकेगी



**वॉशिंगटन।** ब्रह्मांड की उत्पति हमेशा से ही एक बड़ा रहस्य रही है, जिसे समझने की कोशिश वैज्ञानिक सदियों से करते आ रहे हैं, लेकिन विज्ञान की इतनी उन्नति के बावजूद अभी तक अंतरिक्ष रहस्य बना हुआ है। हालांकि अब ऐसा लग रहा है कि ब्रह्मांड के रहस्यों से पर्दा उठ सकता है। दरअसल नासा ने एक अंतरिक्ष दूरबीन लॉन्च की है। इस अंतरिक्ष दूरबीन की खासियत ये है कि इससे पूरे अंतरिक्ष और उसमें मौजूद लाखों आकाशगंगाओं को देखा जा सकेगा। इससे पहले कभी ऐसा नहीं हो सका था। एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने नासा की अंतरिक्ष दूरबीन स्फेरेक्स ऑब्जर्वेटरी को कैलिफोर्निया से लॉन्च किया। यह अंतरिक्ष दूरबीन पृथ्वी के ध्रुवों के ऊपर उड़ान भरेगी। इस स्पेस टेलीस्कोप के साथ चार सूटकेस के आकार के सैटेलाइट भी भेज गए हैं। ये सैटेलाइट सूर्य का अध्ययन करेंगे।

### एक ही परिवार के 5 लोगों ने खाया जहर, मचा हड़कंप

**भोजपुर।** बिहार के आर जिले से बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां एक ही परिवार के पांच लोगों ने जहर खा लिया है। इस दर्दनाक घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी है। वहीं दो लोगों का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार इस घटना में दो बच्ची और एक बच्चे की मौत हुई है। यह परिवार आरा के बिहिया थाना क्षेत्र के बेनवलिया गांव का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार इस घटना में बाप-बेटी समेत 5 लोगों ने जहर खा लिया है। बताया जा रहा है कि अरविंद कुमार नाम के शख्स ने अपनी बच्चों संग जहर खा लिया है। जानकारी के अनुसार अरविंद कुमार की पत्नी की मौत पिछले वर्ष हो गई थी। अरविंद कुमार बेलवानिया बाजार पर इलेक्ट्रॉनिक की दुकान चलाता है। उसके परिवार में दो बच्चे और दो बच्ची थी। उसने अपने बच्चों के साथ जहर खा लिया।





# देवड़ा पेश कर रहे हैं मोहन सरकार का बजट

**गुड इवनिंग, भोपाल**

मध्य प्रदेश की मोहन सरकार आज अपना दूसरा पूर्ण बजट पेश किया जा रहा है। विधानसभा में उप मुख्यमंत्री और प्रदेश के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा इस बजट को पेश कर रहे हैं। इससे पहले वित्तमंत्री और डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने एमपी बजट पेश करने से पहले अपने आवास पर पूजा-अर्चना की।

बजट से प्रदेश के युवाओं, महिलाओं से लेकर उद्यमियों तक सभी को काफी उम्मीदें हैं। बजट को लेकर सभी के मन में कई सवाल भी हैं। अब यह देखना होगा कि सरकार की ओर से सभी वर्गों को क्या मिलेगा। इस बार कौन सी लाभकारी योजनाएं शुरू की जाएंगी, यही सभी का फोकस है। माना जा रहा है कि इस बार के बजट में किसानों, महिलाओं और गरीबों पर विशेष ध्यान दिया जा सकता है। सरकार युवाओं के लिए सरकारी नौकरियों को लेकर बड़े ऐलान कर सकती है। शिक्षा और इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में भी बड़ी सौगात मोहन सरकार की ओर से मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। मंत्री धर्मेंद्र लोधी ने कहा कि बजट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन की झलक दिखाई देगी। उन्होंने कहा, सरकार नई औद्योगिक और पर्यटन नीति लेकर आई है। इसको लेकर बजट में खास देखने को मिलेगा। हर वर्ग को ध्यान में रखकर बजट बनाया गया है। वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट पेश किया जाएगा। यह बजट विकास का होगा। हम चार चीजों पर ध्यान केंद्रित करेंगे। महिला, युवा, किसान और गरीब सभी वर्गों को बजट छूएगा।

**पूजा-अर्चना कर घर से निकले**



## पाक ट्रेन हाइजैक... 100 बंधक अब भी चंगुल में फंसे

# 27 आतंकी मारे, 104 बंधकों को छुड़ाया

**क्वेटा, एजेंसी**

**पाकिस्तान के बलूचिस्तान में हाईजैक हुई ट्रेन में अभी भी बंधक बनाए गए 100 से अधिक लोगों की जिंदगियां कैद में है। उधर पाकिस्तानी आर्मी ने 27 आतंकियों को मार गिराया है। 104 बंधकों को मुक्त करा लिया गया है।**

ट्रेन को हाईजैक हुए करीब 24 घंटे से अधिक का समय बीत चुका है। बंधक बनाए गए लोगों को छुड़ाने के लिए पाकिस्तान सुरक्षा बल के जवानों का रेस्क्यू ऑपरेशन लगातार चल रहा है। इस बीच बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने रेस्क्यू ऑपरेशन में अभी तक मिली सफलता के बारे में जानकारी दी है। शाहिद रिंद के अनुसार अभी तक 80 बंधक छुड़ा लिए गए हैं। लेकिन मीडिया रिपोर्ट में 104 बंधकों की रिहाई की बात सामने आई है।

हालांकि मीडिया रिपोर्ट के हवाले से यह जानकारी सामने आई है कि हाईजैक हुई ट्रेन से अभी तक 100 से अधिक बंधकों को मुक्त करा लिया गया है। रिपोर्ट की माने तो 104 बंधकों को मुक्त करा लिया गया है। इधर बलूचिस्तान ट्रेन हाईजैक पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का बयान भी सामने आया है। शहबाज शरीफ ने कहा, 'ऑपरेशन सफल होगा, आतंकवादियों का सफाया करेंगे'।

न्यूज एजेंसी क्अठर ने बलूचिस्तान ट्रेन हाईजैक की घटना में 16 आतंकियों के मारे जाने की जानकारी दी है। हालांकि आधिकारिक आंकड़ों में यह संख्या अभी 13 ही है।

### सुरंग और बोलन दर्रे में खड़ी है हाईजैक ट्रेन...



पाकिस्तान के बलूचिस्तान में मंगलवार को क्वेटा से पेशावर जा रही 'जाफर एक्सप्रेस' के हाईजैक होने के बाद से हड़कंप मचा हुआ है। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने आतंकियों ने बोलन दर्रे के दहादर इलाके में ट्रेन पर फायरिंग कर उसे कब्जे में ले लिया। पाकिस्तानी सेना ने बंधकों को छुड़ाने के लिए ऑपरेशन शुरू किया है लेकिन 18 घंटे बाद भी अभी तक सभी बंधकों को छुड़ाया नहीं जा सका है। लेकिन इसकी वजह क्या है?

क्वेटा से पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस ट्रेन में नौ बोगियां जिनमें तकरीबन 500 लोग सवार हैं, जिनमें सेना और सीक्रेट एजेंट की भी अच्छी-खासी तादाद है। पेशावर जा रही ट्रेन जैसे ही टनल में घुसी, उसी वक्त घात लगाकर बैठे बलूच विद्रोहियों ने उस पर हमला कर दिया। ताजा खबर के मुताबिक अभी तक 104 बंधकों को छुड़ा लिया गया है। रेस्क्यू कराए गए बंधकों में 50 से ज्यादा पुरुष, 30 से ज्यादा महिलाएं और बच्चे भी हैं।

### हाईजैक हुई ट्रेन से छुड़ाए गए 80 यात्री

**बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने कहा, सुरक्षा बलों ने एक बोगी से 80 यात्रियों को बचा लिया गया है। इसमें 43 पुरुष, 26 महिलाएं और 11 बच्चे शामिल है। 13 आतंकवादियों को मार गिराया गया है।र इससे पहले बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी द्वारा 30 पाकिस्तानी सैनिकों की हत्या की जानकारी सामने आई थी।**

## शेयर बाजार

### सेंसेक्स 200 अंक उछला अदाणी के शेयरों में भी तेजी



**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय शेयर बाजार ने 12 मार्च को मजबूती के साथ कारोबार की शुरूआत की. ग्लोबल मार्केट के मिले-जुले रुख के बीच बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी दोनों बढ़त के साथ खुले और हरे निशान में कारोबार करते दिखे।

प्री-ओपनिंग सेशन में सेंसेक्स 168.49 अंक (0.23%) की बढ़त के साथ 74,270.81 अंक पर था। वहीं, निफ्टी 38.45 अंक (0.17%) की तेजी के साथ 22,536.35 अंक पर था। सुबह 9:15 बजे सेंसेक्स 236.57 अंक, (0.32% ) की तेज बढ़त बनाते हुए 74,338.89 अंक पर पहुंचा। निफ्टी भी 66.45 अंक (0.30%) की तेजी के साथ 22,564.35 अंक पर कारोबार कर रहा था।

अदाणी ग्रुप के लगभग सभी शेयर शुरुआती कारोबार में हरे निशान में खुले.जिसमें अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस, अदाणी पोर्ट्स, अदाणी टोटल गैस और अदाणी पावर के शेयरों में 1% से अधिक की तेजी दर्ज की गई।






## जियो-स्पेसएक्स में भी हुआ समझौता

# स्टारलिंक देश में लाएगी हाई-स्पीड इंटरनेट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रिलायंस जियो ने भारत में स्टारलिंक हाई-स्पीड सैटेलाइट इंटरनेट लाने के लिए एलन मस्क की स्पेसएक्स के साथ करार किया है। इसके जरिए स्टारलिंक सैटेलाइट इंटरनेट को भारत में लाने की तैयारी है।

इस समझौते को तभी अमली जामा पहनाया जा सकता है, जब स्पेसएक्स को केंद्र सरकार से भारत में स्टालिंक की सेवाएं उपलब्ध कराने की मंजूरी दी जाएगी। इससे पहले मंगलवार को एयरटेल ने स्पेसएक्स के साथ ऐसा ही समझौता किया था। हालांकि, इस समझौते को तभी अमली जामा पहनाया जा सकता है, जब स्पेसएक्स को केंद्र सरकार से भारत में स्टालिंक की सेवाएं उपलब्ध कराने की मंजूरी दी जाएगी। इससे पहले मंगलवार को एयरटेल ने स्पेसएक्स के साथ ऐसा ही समझौता किया था।

**नेटवर्क को बेहतर बनाने में मददगार :** खक्ड ने एक प्रेस विज्ञप्ति के जरिए बताया कि जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड ने भारत में अपने ग्राहकों को स्टारलिंक की ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवाएं मुहैया कराने के लिए स्पेसएक्स के साथ एक समझौते की घोषणा की है। यह समझौता स्पेसएक्स को भारत में स्टारलिंक बेचने के लिए अपने स्वयं के प्राधिकरण प्राप्त करने के अधीन है। यह समझौता जियो और स्पेसएक्स को यह पता लगाने में सक्षम बनाता है कि स्टारलिंक जियो की पेशकशों को कैसे आगे बढ़ा सकता है। इससे यह भी पता लगेगा कि स्पेसएक्स की पेशकशों को जियो उपभोक्ताओं और व्यवसायों के अनुकूल बनाया जा सकता है।




### दूरदराज के इलाकों में इंटरनेट सेवा पहुंचाने में मदद मिलेगी

बयान में कहा गया कि जियो अपने रिटेल आउटलेट्स के साथ-साथ अपने ऑनलाइन स्टोरफ्रंट के माध्यम से भी स्टारलिंक सॉल्यूशन उपलब्ध कराएगा। इस समझौते के जरिए दोनों पक्ष डेटा ट्रैफिक के मामले में दुनिया के सबसे बड़े मोबाइल ऑपरेटर के रूप में जियो और दुनिया के अग्रणी लो अर्थ ऑर्बिट सैटेलाइट कॉन्स्टेलेशन ऑपरेटर के रूप में स्टारलिंक भारत के सबसे ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों समेत पूरे देश में विश्वसनीय ब्रॉडबैंड सेवाएं देने के लिए काम करेंगे।

## धरोहर बचाने की तैयारी...





फोटो : नितिन सोलंकी

इंदौर। धुलेंडी और रंगपंचमी पर शहर में जमकर रंग-गुलाल उड़ाया जाएगा। इसे देखते हुए शहर की धरोहर राजबाड़ा को प्लास्टिक से बचाने की तैयारी की जा रही है।

### पीपली बाजार से बैंडबाजों, भजन और गरबा मंडलियों सहित साधु-संतों की निश्रा में निकलेगा जुलूस

# भगवान आदिनाथ के जन्म कल्याणक महोत्सव पर निकलेगी पालकी यात्रा





गुड इवनिंग, इंदौर

जैन समाज के प्रथम तीर्थंकर एवं जन-जन की आस्था के केन्द्र भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याणक महोत्सव शनिवार, 22 मार्च को चैत्र वदी अष्टमी पर परंपरागत हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। अ.भा. जैन श्वेताम्बर मूर्ति पूजक युवक महासंघ इंदौर इकाई के तत्वावधान में इस अवसर पर सुबह 8 बजे शहर में विराजित साधु-साध्वी मंडल के सानिध्य में पीपली बाजार स्थित दादा आदिनाथ के मंदिर से भव्य पालकी यात्रा निकाली जाएगी। महासंघ की ओर से जन्म कल्याणक महोत्सव का यह 14वां वर्ष है।

महासंघ के अध्यक्ष अमित श्रीमाल, महासचिव विजयराज भंसाली एवं नीतेश सोनगरा ने बताया कि मंगलवार को आयोजन से जुड़े समाजबंधुओं ने महोत्सव की आमंत्रण पत्रिका सफेद मंदिर में दादा आदिनाथ को समर्पित की। इस मौके पर मनीष सुराना, प्रीतेश ओस्तवाल, सुनील गांग, संजय मोगरा, नीलेश सकलेचा, शैलेन्द्र नाहर और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। पालकी यात्रा में घोड़े, बैंडबाजे, भजन एवं गरबा मंडलियां, जीवंत झांकी, मंगल कलश, ध्वजधारी महिलाएं, आदिवासी नृत्य टोली, ढोल-ताशे के साथ ही नवकार परिवार के सदस्य पूजा के वस्त्र में भगवान आदिनाथ की सुसज्जित पालकी को कांधे पर लेकर चलेंगे। जुलूस पीपली बाजार से प्रारंभ होकर बड़ा सराफा, शकर बाजार, शीतला माता बाजार, सांठा बाजार, बजाज खाना चौक, बर्तन बाजार होते हुए पुनः पीपली बाजार स्थित सफेद मंदिर पहुंचेगा। सफेद मंदिर पर नवकार परिवार के सानिध्य में अष्ट प्रकारी पूजन एवं उसके बाद साधु-साध्वी, भगवंतों के आशीर्वचन भी होंगे। जुलूस की तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं।

## एजेंसियों के प्रतिनिधियों को दी चेतावनी

### आरडीएसएस के कई कार्य मार्च अंत तक करना होंगे पूरे

गुड इवनिंग, इंदौर

रिवेम्प्ड डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के कार्य केंद्र शासन और मप्र शासन के साथ ही बिजली कंपनी के भी सर्वोच्च प्राथमिकता वाले हैं। इन कार्यों में समय पालन और गुणवत्ता को लेकर सभी अधिकारी एवं कार्य एजेंसियों के प्रतिनिधि गंभीरता बरते। इसमें लापरवारी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मार्च अंत तक लक्ष्य वाले आरडीएसएस के जो भी कार्य तय हैं, इन्हें तीन सप्ताह में हर हाल में पूर्ण करना होगा, इसके लिए कर्मचारियों की संख्या तत्काल रूप से बढ़ाई जाए।

यह निर्देश मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक (एमडी) अनूप कुमार सिंह ने दिए। उन्होंने मंगलवार को कंपनी क्षेत्र के 15 जिलों के अधिकारियों एवं संबंधित क्षेत्र में कार्य करने वाली एजेसिंयों के प्रतिनिधियों की बैठक ली।

## विशुद्ध सागर मसा का 30 अप्रैल को पट्टाचार्य पदारोहण महामहोत्सव

**इंदौर।** शहर में होने वाले 27 अप्रैल को श्री विशुद्ध सागरजी को मिलने वाला पट्टाचार्य पदारोहण महामहोत्सव में सम्मिलित होंगे 500 से अधिक आचार्य परमेष्ठि, उपाध्याय परमेष्ठि साधूं परमेष्ठि, ऐलक, छूल्क, गणनी आर्यिका छूल्लीका माता, ब्रह्मचारी भैया, ब्रह्मचारिणी बहने एवं इस महामहोत्सव में लाखों लोगों का समागम होने जा रहा है। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि श्रमण संस्कृति के समाधिस्थ गणाचार्य श्री विरागसागर के अंतिम उपदेशानुसार, जैनाचार्य शताब्दी देशना चार्य, चलते फिरते धरती के देवता श्री विशुद्ध सागर जी महामुनी राज का पट्टाचार्य पद महामहोत्सव का आयोजन 27 अप्रैल से 2 मई 2025 तक इंदौर के तीर्थ स्वरूप सुमति धाम, जिनालय में होगा।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाली 26 महिलाओं का सम्मान



गुड इवनिंग, इंदौर

दिवस ऑफ इंदौर निर्मला पाठक अवॉर्ड 2025 में इस वर्ष अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 26 महिलाओं का सम्मान किया गया। इसमें डॉ जानवी चंदवानी कोमल करे जोशी, अनामिका सितलानी, नूपुर पंडित, वंदना अग्रवाल विनी झरिया, विनय गुप्ता, गीता कौल, नम्रता सावंत, नेहा जे मराठे, आराधना सहाय, अर्पणा चेंदके, अवनी शर्मा खंडेलवाल, मिताली सोहनी निहारिका जैन, निवेदिता नीलाभ शुक्ला रिमझिम जोशी, संध्या पटवा, डॉ ऊषा श्रीवास्सत्व, सुषमा पटेल एकता मेहता अनुश्री ठाकुर आदि शामिल हैं, कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों ने दीप प्रज्वलन से की, मुख्य अतिथि थे प्रवीण खारीवाल, परविंदर भाटिया, विवेक गौर, घनश्याम सिंह , रेखा पंडित सुरिंदर टुटेजा अतिथि सत्कार के बाद संगीत प्रतियोगिता हुई जिसमें प्रथम द्वितीय तृतीय पुरस्कार दिए गए, जिसे जज किया डॉ रचना और सोनाली पौराणिक ने। दूसरे चरण में नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान को मोमेंटो सर्टिफिकेट प्रदान किए,इसे जज किया अवनी शर्मा, आरती माहेश्वरी और सविता सराफ ने। तीसरे चरण में चयनित नारी शक्ति का सम्मान किया गया और फिर शानदार फैशन शो का आयोजन हुआ जिसमें नारी शक्ति ने पहले राउंड में पारंपरिक साड़ी और एथेनिक ड्रेस में रैंप किया और उसके बाद ईवनिंग गाउन में नारी शक्ति बहुत खूबसूरत दिखाई दी. रैंप में इनका साथ मूक और बधिर छात्राओं ने दिया, जिनका आत्मविश्वास और चमक देखते ही बनती थी। फैशन शो के जज थे उन्नति सिंह, शीतल बडोले और सारिका दीक्षित। तेज संगीत और रंगबिरंगी लाइट्स के चलते फैशन शो में चार चांद लग गए. विजेताओं को सर्टिफिकेट और क्राउन दिए गए, साथ ही पुरस्कार वितरण किया गया., कायर्क्रम का शानदार संचालन श्यामली नेमा ने बड़ी ही खूबसूरती से किया,रोहित ओझा और प्रमोद पारे ने कार्यक्रम में गीतों से समा बांधा । मीता श्रोत्रिय, रवि गौर कोऑर्डिनेटर व गिफ्टिंग पार्टनर रेखा पण्डित जी शीतल बड़ोले व सविता सराफ थी,आभार मशविरा से असिता शर्मा ने माना।

## त्रिशूल दीक्षा ज्वाइन बजरंग दल अभियान



**इंदौर।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारिका जिले में शौर्य महाकुंभ निमित्त त्रिशूल दीक्षा ज्वाइन बजरंग दल अभियान चलाया गया। मुख्य वक्ता विभाग मंत्री यज्ञेश जी राठी जिला मंत्री सागर सोनी प्रचार प्रसार प्रमुख राहुल जी तिवारी जिला सह मंत्री अखिलेश चौहान एवं अधिक संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## शांति समिति की बैठक में गेर आयोजकों से पुलिस ने की चर्चा



**इंदौर।** थाना मल्हारगंज क्षेत्र के फतेहपुरिया धर्मशाला में कल एसीपी मल्हारगंज अनुभाग के कार्यक्रमों के आयोजकों की एवं शांति समिति की मीटिंग ली गई। जिसमें होली के त्योहारों के बारे में चर्चा की गई एवं मल्हारगंज क्षेत्र से निकलने वाली चारों गैरो के आयोजकों से चर्चा की गई। उनकी समस्याओं के बारे में चर्चा की गई और समस्याओं के निकाल के बारे में चर्चा की गई। बैठक में तीनों थाने मल्हारगंज सदरबाजार एरोड्रम के कार्यक्रमों के आयोजक उपस्थित रहे। मीटिंग में एसीपी सर मल्हारगंज विवेक सिंह चौहान, थाना प्रभारी मल्हारगंज वेदेंद्र कुशवाह एवं थाना प्रभारी सदर बाजार उपस्थित रहे।

### ओंटारियो-स्टेटस पर कोई भी पोस्ट सोच-समझकर शेयर करें - अंजू पटेल

# लड़कियों को डिसीजन मेकर बनाइए

गुड इवनिंग, इंदौर



संस्कार की पहली पाठशाला परिवार है। सामाजिक संस्कारों की शुरूआत घर से ही होती है। हम अपने बच्चों को लेकर सचेत रहें पर उन पर विश्वास करना भी जरूरी है। बच्चों को अपना दोस्त बनाकर आगे बढ़ाएं और उन्हें संस्कारों के साथ ही रीति-रिवाजों की भी जानकारी दें। बच्चों को किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा के साथ संस्कार भी देना चाहिए। यह बात अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महिला नगर सभा द्वारा आयोजित महिला सम्मेलन में समाज की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष माया राजेश त्रिवेदी ने कही।

उन्होंने कहा किसी भी परिवार की बुनियाद महिला ही होती है और परिवार की सफलता में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। एक अच्छे और संस्कारित परिवार के लिए हमें अपने बेटे-बेटियों को भी अच्छे संस्कार देना होंगे। अलग-अलग क्षेत्रों में जो महिलाएं सक्रिय रही हैं, हमें सामाजिक स्तर पर उनके कामों की जानकारी देना चाहिए और उनका अनुशरण करते हुए उनके बताए रास्ते पर चलना चाहिए। देश के स्वतंत्रता आंदोलन में महिलाओं का बहुत बड़ा योगदान रहा।


ख्यात मोटिवेशनल स्पीकर तृप्ति व्यास ने कहा कि लड़कियां दो घरों को साधती है। उन्हें डिसिजन मेकर बनाइए। कुछ करने का मौका दीजिए। उनके काम में यदि कोई गलती भी हो तो उसे सकारात्मक रूप में लें और सुधारने का मौका दें। गिरने के बाद ही इंसान संभलता है। उन्होंने छोटी-छोटी बातों पर हो रहे विवादों पर चिंता जताते हुए कहा कि इसी के चलते शादी के 4-6 महीने बाद ही विवाह विच्छेद की स्थिति बन रही है, यह हम सब लोगों के लिए बहुत चिंता का विषय है। इसे रोकने के लिए सामाजिक स्तर पर प्रयास बहुत जरूरी है।

स्टेट साइबर सेल इंदौर जोन की इंस्पेक्टर अंजु पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर हमें बहुत ज्यादा सावधानी रखने की जरूरत है। अपने स्टेटस पर कोई भी बात बहुत सावधानी से पोस्ट करें। अपना आईडी, बैंक डिटेल्स और पासवर्ड सोच-समझकर शेयर करें। जिनके बच्चे विदेश में पढ़ रहे हैं, उन्हें विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। यदि आपका बच्चा मोबाइल पर बहुत ज्यादा समय दे रहा है तो उस पर भी नजर रखें। पुलिस, सीबीआई या ईडी के नाम से कोई भी कॉल आए तो बिचलित न हों। इसी तरह यदि पुलिस के नाम से कोई नोटिस आपको प्राप्त हो तो सबसे पहले पास के थाने पर जाकर उसकी पुष्टि करें। अपना बैंक अकाउंट खुद ओपन करें, यह काम किसी दूसरे को न सौंपे। अज्ञात व्यक्ति को अपने डाक्युमेंट, आधार कार्ड और पेनकार्ड कभी न दें।

इस मौके पर अतिथियों के साथ ही महिला सभा की नगर अध्यक्ष करुणा शर्मा, प्रधानमंत्री मिली चाष्टा, संयोजिका मेघा व्यास व अन्य पदाधिकारियों ने समाज की प्रतिभा अंतर्राष्ट्रीय गोताखोर सुश्री पलक पंकज शर्मा और शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धि हासिल करने वाली सुश्री सीमा पुखराज जोशी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में नगर सभा के अध्यक्ष वीरेन्द्र व्यास ने अपने स्वागत उद्बोधन में मातृशक्ति के समर्पण का उल्लेख करते हुए कहा कि किसी भी परिवार को आकार देने में महिला की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उपाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने नारी शक्ति के सम्मान में स्वरचित कविता का पाठ किया। अतिथियों का स्वागत रंगिमा जोशी, माया शर्मा, मंजूला शर्मा, कांता शर्मा, इंदिरा जोशी, रूही शर्मा, माया चाष्टा, मंजू गौतम, रचना शर्मा, किरण व्यास, पूर्णिमा जोशी, मंजू शर्मा, रमा शर्मा, ज्योत्सना शर्मा, चेतना शास्त्री, प्रेरणा व्यास, मनोरमा शर्मा, मीना पंचोली, रेखा शर्मा ने किया। कार्यक्रम का संचालन नगर सभा की प्रधानमंत्री मिली चाष्टा ने किया। आभार अध्यक्ष करुणा शर्मा ने माना। कार्यक्रम की शुरूआत में महिलाओं के लिए क्विज काम्पटीशन आयोजित किया गया। इसके विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार अतिथियों द्वारा दिए गए।

## मास्टर प्लान की सड़क में बाधक बाउंड्री वॉल ध्वस्त





**इंदौर।** नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा के निर्देश पर शहर में मास्टर प्लान की सड़कों में बाधक निर्माण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कल झोन क्रमांक 10 के अंतर्गत तिलक नगर मास्टर प्लान की रोड में आने वाली कृष्णा पब्लिक स्कूल की बाउंड्री वॉल को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया गया।

फोटो : गुड इवनिंग

### शहर की यातायात व्यवस्था ध्वस्त...

# कैमरों के भरोसे छोड़ा ट्रैफिक

गुड इवनिंग, इंदौर

**शहर की यातायात व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। ऐसा लगता है कि जैसे कोई देखने वाला ही नहीं है। हालांकि पुलिस यातायात विभाग ने अपने स्तर पर समझाइश देने,यातयात के प्रतिग जागरूक करने का प्रयास अपने स्तर पर समय समय पर करता रहा है, लेकिन शहर के लोग हैं कि कुछ भी समझने को तैयार नहीं है। ऐसा लगता है कि यातायात पुलिस ने पूरी यातायात व्यवस्था को सीसीटीवी कैमरों के भरोसे छोड़ दिया है।**



फाइल फोटो

### 13 चौराहों पर एएनपीआर और आरएलवीडी कैमरे

जब से यातायात पुलिस ने शहर के 13 प्रमुख चौराहों पर एएनपीआर और आरएलवीडी कैमरे लगाए है,उसके बाद से आनलाइन चालानी कार्रवाई शुरू कर दी थी। यातायात के नियमों (जैसे बिना हेलमेट वाहन चालान,रेड लाइट का उल्घन,तीन सवारी और रॉग साइड) का उल्ल्घन करने पर वाहन चालकों को उस मोबाइल नंबर में मैसेज आते है जो उसके बाइक के नंबर में रजिस्टर होता है। मोबाइल नंबर पर मैसेज आने के 15 दिन के अंदर वाहन चालाक को चालान शुल्क जमा करना होता है,जो तीन सौ रूपए है या फिर वाहन चालक को लगता है कि उसके वाहन का यातायात पुलिस ने गलत चालान बना दिया है तो वह संबधित आफिस में जाकर आपत्ति दर्ज करवा सकता है। अगर वाहन चालक की आपत्ति सही है तो उसे शुल्क नहीं भरना पड़ेगा। अन्यथा उसे जमा करना होगा। इसके बाद भी अगर निर्धारित समय बीत जाने के बाद भी वाहन चालन शुल्क जमा नहीं करता है तो उसे एक माह के बाद कोर्ट में भेज दिया जाता है।

शहर के चौराहो पर यातायात पुलिस के जवान नहीं दिख रहे हैं। जहां खड़े देखे भी जाते है तो वहां पर उनका ध्यान यातायात व्यवस्था संभालने के बजाय दूसरे काम में व्यस्त रहते है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले पांच माह यातायात पुलिस ने 3 लाख 34 हजार 373 वाहनों पर चालानी कार्रवाई की है , लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि इनमें से मात्र 33 हजार 281 वाहन चालकों ने ही चालान भरा है । इस तरह से देखा जाए तो 3 लाख 1 हजार 92 वाहनों चालकों ने चालान शुल्क नहीं भरा है । चालानी कार्रवाई दो पहिया वाहनों की है। शहर में जिन चौराहों पर चालानी कार्रवाई की जा रही है,उनमें दो तरह के सीसीटीवी कैमरे लगे है। जिनमें (एएनपीआर) आटोमैटिक नंबर प्लेट रिकगनेशन कैमरा और (आरएलवीडी) रेड लाइट वीयोलेशन कैमरा। ये चालानी कार्रवाई की शुरूआत 3 नवंबर 2023 को की गई थी । यह चालानी कार्रवाई शहर के चार चौराहों में शुरू में कार्रवाई की गई,जिसमें रसोमा चौराहा,स्कीम नंबर 78,एलआईजी चौराहा और इंदिरा प्रतिमा चौराहा है। मौजूदा समय में शहर के 13 पमुख चौराहों पर चालानी कार्रवाई की जा रही है । यातायात पुलिस का कहना है कि आने वाले समय में शहर के 50 चौराहों पर चालानी कार्रवाई की जाएंगी। इसके लिए तैयारी की जा रही है।

**कोर्ट में 300 की जगह 1 हजार रूपए कम से कम भरना पड़ेगा :** जानकारी के अनुसार चालान को कोर्ट में भेज दिए जाने के बाद 45 दिन के अंदर वाहन चालक को एक चालान का एक हजार रूपए भरना होता है। यह शुल्क वह आनलाइन भर सकता है। लेकिन जैसे ही 45 दिन की निर्धारित अवधि समाप्त होती है वैसे ही रेगुलर कोर्ट में चालान भेज दिया जाता है। यहां पर वाहन चालक का मौजूद होना आवश्यक है । अगर यहां पर वह अनदेखी करता है तो उसके वाहन का फिटनेस,परमिट और नामांतरण पर रोक लगा दी जाती है।

**रेड लाइट उलंघन के नब्बे प्रतिशत प्रकरण चार पहिया वाहनों के :** यातायात पुलिस ने बताया कि वर्तमान में पुलिस चार तरह की चालानी कार्रवाई वाहनों पर कर रही है। इनमें रेड लाइट उलंघन के नब्बे प्रतिशत मामले चार पहिया वाहनों के होते है । बाकी दो पहिया वाहनों के है। पांच माह में रेड लाइट उलंघन के 12 हजार 432 चालानी कार्रवाई की गई,परंतु उनमें से मात्र 1 हजार 775 वाहन चालकों ने शुल्क जमा किया है । पुलिस के अनुसार बिना हेलमेट वाहन चालाने के 500 रूपए जबकि रेड लाइट उलंघन,तीन सवारी और रॉग साइड के 300 रूपए के चालान काटे जाते हैं।

### अवैध होर्डिंग और फ्लैक्स पर नगर निगम सख्त

## होली-रंगपंचमी पर हो पानी की सप्लाई, सफाई के लिए तैयार रखें साधन




गुड इवनिंग, इंदौर

शहर में कोई होली पर अवैध होर्डिंग या फ्लैक्स लगाए तो उसे तत्काल हटाने ने कार्रवाई करें। होली, धुलेंडी और रंगपंचमी को देखते हुए नगर निगम द्वारा की जाने वाली सभी व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से करें। यह निर्देश मंगलवार को नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने निगम अधिकारियों को दिए। निगम आयुक्त ने समय सीमा प्रकरणों की और सीएम हेल्प लाइन के साथ ही आगामी त्योहारों को देखते हुए समीक्षा बैठक ली। बैठक में सभी अपर आयुक्त, जोनल अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी और सीएसआई व अन्य अधिकारी मौजूद थे।

आयुक्त ने बैठक में आगामी दिनों में होली, धुलेंडी और रंगपंचमी को देखते हुए निगम द्वारा की जाने वाली सभी व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से करने को कहा है। धुलेंडी और रंगपंचमी के दिन पानी की सप्लाई निर्धारित समय पर की जाए। सफाई व्यवस्थाएं समय पर पूरी होना चाहिए। रंगपंचमी के दिन गेर निकलने के बाद गेर रास्ते, राजवाड़ा, अन्य क्षेत्रों और कॉलोनियों में समय पर सफाई व्यवस्था करने के लिए संसाधन पहले से ही तैयार रखे। होली के दौरान यदि अवैध होर्डिंग या फ्लेक्स लगाए जाते हैं तो रिमूवल की कार्रवाई करें। आयुक्त वर्मा ने सीएम हेल्पलाइन और 311 मेयर हेल्पलाइन पर मिलने होने वाली शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण करने को कहा और बिना निराकरण के कोई भी शिकायत क्लोज नहीं की जाए।

## सरकारी स्कूलों में ड्रॉप आउट दर को कम करने के लिए ब्रिज कोर्स

गुड इवनिंग, इंदौर

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कक्षा 9 वीं में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों में अध्ययन के स्तर और दक्षता को सुधारने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ब्रिज कोर्स का संचालन कर रहा है। इसके लिए हिन्दी, अंग्रेजी एवं गणित विषय के 9 हजार 312 रिसोर्सपर्सन तैयार किए गए हैं।

### अगले माह होगा बेस लाइन टेस्ट

इनका प्रशिक्षण भोपाल के वाल्मी संस्थान में फरवरी माह में करवाया जा चुका है। प्रदेश में 4 हजार 200 हाई स्कूल और 4 हजार 100 हायर सेकेण्डरी सरकारी स्कूल हैं। अब इन स्कूलों में हिन्दी, अंग्रेजी एवं गणित के एक-एक शिक्षक को प्रशिक्षण देने की व्यवस्था मार्च माह से शुरू कर दी गई है। प्रदेश में लगभग 27 हजार शिक्षकों को ब्रिज कोर्स का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ब्रिज कोर्स के माध्यम से सरकारी स्कूलों को ड्रॉप आउट दर को कम करने में मदद मिलेगी। प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक अप्रैल में और 16 जून से 20 जुलाई तक ब्रिज कोर्स का संचालन करेंगे। ब्रिज कोर्स का संचालन सभी सरकारी हाई और हायर सेकण्डरी स्कूलों में होगा। इसके साथ ही इन 3 विषयों के अलावा विज्ञान एवं संस्कृत विषय की पढ़ाई भी इन बच्चों को करवाई जाएगी। लोक शिक्षण संचालनालय ने स्कूल में लगने वाले ब्रिज कोर्स की समय सारणी भी तैयार कर ली है।

ब्रिज कोर्स के दौरान ही 5 और 12 अप्रैल को इन विद्यार्थियों का बेस लाइन टेस्ट अंग्रेजी, गणित और हिन्दी में लिया जाएगा। बेस लाइन टेस्ट पेपर 31 मार्च को स्कूल शिक्षा विभाग के विमर्श पोर्टल पर अपलोड कर दिए जाएंगे। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश भी मिल गए हैं। तय तिथियों में जो विद्यार्थी किन्ही वजह से टेस्ट नहीं दे पायेंगे, उनके लिए अलग व्यवस्था की गई है।

### मेले की तैयारियां जोरों पर, उज्जैन की कनेक्टिविटी और शिप्रा पर फोकस


# सिंहस्थ के लिए इस साल हो रहे 6000 करोड़ रुपए के काम

गुड इवनिंग, इंदौर

तीन साल बाद उज्जैन में लगने वाले सिंहस्थ मेले के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। 19 से ज्यादा विभागों को अलग-अलग निमार्णों की जिम्मेदारी दी गई है। इस साल छह हजार करोड़ के काम होना है। पिछले साल प्रदेश सरकार ने बजट में सिंहस्थ मद में रखे 500 करोड़ रुपये इन कामों के लिए आवंटित किए हैं। अब उज्जैन में युद्ध स्तर पर काम होंगे, क्योकि तीन साल में निमार्णाधीन प्रोजेक्टों को पूरा भी करना है। सरकार का फोकस उज्जैन की कनेक्टिविटी और शिप्रा नदी के शुद्धिकरण पर है। अफसरों का अनुमान है कि सिंहस्थ मेले में पंद्रह करोड़ के करीब श्रद्धालु आ सकते हैं, उसके हिसाब से ही घाटों के विस्तार और मेला क्षेत्र के दायरे के प्रोजेक्ट डिजाइन किए गए हैं।

इस बार सिंहस्थ में मेला क्षेत्र का दायरा भी बढ़ाया है। मेला क्षेत्र में अस्थाई के बजाए स्थाई निर्माण किया जाएगा। अब सिंहस्थ मेला 3360.6 हेक्टेयर क्षेत्र का रहेगा। विकास योजना में सिंहस्थ मेला क्षेत्र के लिए 2344.11 हेक्टेयर क्षेत्र शामिल किया जाएगा। मेला क्षेत्र में स्थाई निमार्णों के काम उज्जैन विकास प्राधिकरण करेगा और इसके लिए लैंड पुलिंग योजना के तहत जमीनें ली जाएगी। जलापूर्ति, सीवरेज लाइन के अलावा शौचालय, उद्यान भी बनाए जाएंगे। मेला क्षेत्र के अखाड़ों आश्रमों में भी सुविधाएं बढ़ाई जाएगी। पिछले बजट में आवंटित 505 करोड़ रुपये से ज्यादा के काम उज्जैन में हो चुके हैं।

**इंदौर-उज्जैन सिक्सलेन का निर्माण शुरू :** उज्जैन के सिंहस्थ मेले में सबसे ज्यादा लोग इंदौर होकर जाएंगे। ट्रैफिक जाम की स्थिति न बने, इसके लिए इंदौर उज्जैन रोड़ को सिक्स लेन किया जा रहा है। इसका काम शुरू हो चुका है। इस प्रोजेक्ट पर 2312 करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं। फिलहाल इंदौर से उज्जैन के बीच ब्रिजों का चौड़ीकरण किया जा रहा है। दस से अधिक पुल-पुलिया के अलावा तीन बड़े ब्रिज भी बनेंगे। इसके अलावा इंदौर के हातोद क्षेत्र से चंद्रवतीगंज, अजनोद होते हुए उज्जैन तक दो लेन सड़क बनेगी। यह सड़क उज्जैन के चिंतामण गणेश मंदिर वाले इलाके से जुड़ेगी। देवास-उज्जैन रोड़ को भी फोरलेन किया जा चुका है। इंदौर से उज्जैन तक स्पीड ट्रेन भी चलाई जाएगी। इंदौर से उज्जैन के बीच मेट्रो ट्रेन चलाने की घोषणा भी पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की थी।लेकिन, सिंहस्थ से पहले इस प्रोजेक्ट का जमीन पर संभव नहीं लग रहा है, क्योकि छह लेन सड़क का निर्माण भी उसी रुट पर हो रहा है। वहीं, उज्जैन के आंतरिक मार्ग और आउटर रिंग रोड पर नए ब्रिज बनाए जा रहे हैं।



### सिंहस्थ के लिए कान्ह नदी होगी बायपास

सिंहस्थ मेले के दौरान लोग शिप्रा नदी में डूबकी लगाते हैं। शिप्रा नदी को इंदौर से आने वाली कान्ह नदी दूषित करती है। पिछले सिंहस्थ मेले में नर्मदा-शिप्रा लिंक परियोजना के तहत शिप्रा को प्रवाहमान बनाया गया था। इस बार कान्ह नदी का पानी शिप्रा नदी में जाने से रोकने के लिए 30 किलोमीटर तक कान्ह नदी को बाइपास किया जाएगा। इसके लिए छह किलोमीटर लंबाई में सुरंग बनाई जा रही है। इसके अलावा खुली डक्ट भी रहेगी। सेवरखेड़ी से सिलारखेड़ी तक पूरी नदी के पानी को बाइपास कर गंभीर नदी में छोड़ा जाएगा। इस प्रोजेक्ट का भूमिपूजन मुख्यमंत्री मोहन यादव ने 13 जनवरी को किया है। इसका काम भी शुरू हो चुका है। सिंहस्थ से पहले यह योजना पूरी हो जाएगी।



चुनावी प्रक्रिया को मजबूत बनाने की कवायद

# भारत निर्वाचन आयोग पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं से करेगा बातचीत

**आयोग ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों से अनिराकृत मुद्दों के लिए 30 अप्रैल 2025 तक मांगे सुझाव**

गुड इवनिंग, भोपाल

भारत निर्वाचन आयोग ने कानून ढांचे के अंतर्गत चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत बनाने के लिए पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं को बातचीत के लिए आमंत्रित किया है। आयोग ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों से ईआरओ, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय स्तर पर अनिराकृत प्रकरणों की 30 अप्रैल, 2025 तक जानकारी मांगी है। आयोग ने इस संबंध में राजनीतिक दलों को व्यक्तिगत रूप से पत्र भी जारी किया है।

उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एक सम्मेलन किया गया था। जिसमें भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने सभी प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक की थी, जिसमें उन्होंने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ, डीईओ और ईआरओ को राजनीतिक दलों के साथ नियमित बैठक करने और प्राप्त सुझावों पर नियमानुसार निराकरण करने के निर्देश दिए थे। आयोग ने राजनीतिक दलों से विकेंद्रीकृत जुड़ाव के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का आग्रह भी किया है।

चुनाव प्रकिया से संबंधित 28 हितधारक हैं, जिसमें राजनीतिक दल एक प्रमुख हितधारक है। जिन्हें संविधान और वैधानिक ढांचे के तहत चुनावी प्रक्रियाओं से जुड़े सभी पहलुओं में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मान्यता दी गई है। आयोग द्वारा राजनीतिक दलों को जारी किए गए पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951; निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960; चुनाव संचालन नियम, 1961; माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देश, मैनुअल और हैंडबुक (ईसीआई वेबसाइट पर उपलब्ध) ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेंद्रीकृत, मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढांचा स्थापित किया है।

# एकतरफा प्यार में युवक को उतार दिया मौत के घाट

**'क्राइम पेट्रोल' देखकर साढ़ू ने रची थी साजिश, आरोपी गिरफ्तार**

गुड इवनिंग, भोपाल

**भोपाल के गौतम नगर थाना क्षेत्र में हुई युवक की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। हत्या का आरोप मृतक के साढ़ू पर है, जो उसकी पत्नी से एकतरफा प्रेम करता था। आरोपी ने उसे रास्ते का कांटा समझकर हत्या की साजिश रची और वारदात को अंजाम देने के बाद मुंबई भाग गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है और अब मृतक की पत्नी की भूमिका की भी जांच की जा रही है।**

डीसीपी जोन-3 रियाज इकबाल ने बताया कि मृतक कृष्णा कॉलोनी में पीजीबीटी कॉलेज के पास किराए के मकान में रहता था। वह मूल रूप से अहमदाबाद, गुजरात का निवासी था। पुलिस ने मुखबिरों की मदद से हत्या की जांच शुरू की, जिसमें सामने आया कि उसका साढ़ू का अक्सर आना-जाना था। पुलिस ने जब आरोपी को मुंबई के घाटकोपर इलाके से पकड़ा और पूछताछ की तो उसने हत्या की बात कबूल कर ली। जांच में पता चला कि आरोपी मृतक की पत्नी से एकतरफा प्यार करता था और उसे अपने साथ रखने के लिए दबाव बना रहा था। जब मृतक को इस बारे में पता चला तो दोनों के बीच विवाद हुआ। इसके बाद आरोपी ने उसे रास्ते से हटाने की योजना बनाई और गला दबाकर हत्या कर दी। वारदात के बाद लाश को सुनसान जगह छोड़कर मुंबई भाग गया।

**लोकेशन ट्रेस न हो, इसलिए बंद किया फोन :** आरोपी नवरतन गुप्ता ने पुलिस को बताया कि उसने टीवी शो क्राइम पेट्रोल और वेब सीरीज भोकाल देखकर अपराध करने और बचने के तरीके सीखे। वह मुंबई से ट्रेन में भोपाल आते समय मोबाइल फोन बंद कर लिया था, ताकि उसकी लोकेशन ट्रेस न हो सके। हत्या से पहले उसने इलाके की रैकी की और फिर किसी अज्ञात व्यक्ति के फोन से सोनू को बुलाया।

**पत्नी की भूमिका संदिग्ध, पुलिस कर रही जांच :** पुलिस इस मामले में मृतक की पत्नी की भूमिका की भी जांच कर रही है। अगर वह भी साजिश में शामिल पाई जाती है तो उसके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई होगी। फिलहाल, आरोपी को कोर्ट में पेश कर पुलिस ने रिमांड पर लिया है और आगे की पूछताछ जारी है।




# शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म

**आरोपी युवक गिरफ्तार**

गुड इवनिंग, भोपाल

भोपाल के छोला मंदिर इलाके में एक महिला के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, 36 वर्षीय पीड़िता छोला मंदिर इलाके में अकेली रहती है। करीब दस साल पहले उसकी शादी हुई थी, लेकिन घरेलू विवाद के चलते उसका तलाक हो गया। एक साल पहले उसकी पहचान सोशल मीडिया के माध्यम से संतोष नामक युवक से हुई। बातचीत के दौरान संतोष को महिला के अकेले रहने की जानकारी मिली, जिसके बाद उसने धीरे-धीरे उससे नजदीकियां बढ़ा लीं और उसकी मदद करने लगा।

**विश्वास जीतने के बाद दिया प्रस्ताव :** विश्वास जीतने के बाद संतोष ने महिला को शादी का प्रस्ताव दिया। जब महिला शादी के लिए तैयार हो गई, तो उसने अक्तूबर 2024 से शारीरिक संबंध बनाना शुरू कर दिया। लेकिन जब महिला ने शादी के लिए दबाव डाला, तो संतोष ने इनकार कर दिया। धोखा महसूस कर पीड़िता ने सोमवार शाम थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की जांच जारी है।

# भोपाल में बढ़ेगा जलकर, मीटिंग में प्रस्ताव आएगा

**25-26 मार्च को हो सकती है शहर सरकार की बैठक, होली बाद एमआईसी होगी**

गुड इवनिंग, भोपाल

भोपाल नगर निगम की बजट मीटिंग 25 या 26 मार्च को हो सकती है। इसमें जनता से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसले लिए जा सकते हैं। संभावना है कि शहर सरकार जलकर को 10 प्रतिशत तक बढ़ा सकती है। ऐसा होता है जनता को हर महीने 20 रुपए ज्यादा चुकाने पड़ेंगे। बजट मीटिंग से पहले एमआईसी (मेयर इन कौंसिल) में यह प्रस्ताव लाया जा सकता है।

एमआईसी होली के बाद होगी। जिसमें जल कर, संपत्ति कर जैसे कई विषयों पर चर्चा होगी। यदि सभी एमआईसी सदस्य टैक्स बढ़ाने पर सहमत होते हैं तो परिषद में प्रस्ताव लाया जाएगा। जानकारी के अनुसार, इस बार बजट 2600 करोड़ से ज्यादा का हो सकता है।

**3 साल पहले बढ़ा था टैक्स :** बता दें कि करीब 3 साल पहले जल कर पर 15त्न की वृद्धि की गई थी। शहर में पौने 3 लाख से ज्यादा नल कनेक्शन हैं। इनमें 2 लाख कनेक्शन 2400 स्क्वेयर फीट या इससे कम एरिये वाले मकानों में लगे हैं। करीब 25 हजार कनेक्शन 2400 स्क्वेयर फीट एरिये वाले मकानों में लगे हैं। बाकी गरीब वर्ग के घरों में कनेक्शन है। जिन लोगों के मकान 2400 स्क्वेयर फीट तक एरिये में बने हैं, उन्हें 210 रुपए देने पड़ रहे हैं। प्रतिमाह 30 रुपए की बढ़ोतरी की गई थी। जिनके मकान 2400 स्क्वेयर फीट से अधिक एरिये में बने हैं, वे 300 रुपए प्रतिमाह चुका रहे हैं।

**व्यक्तिगत नल कनेक्शन को लेकर फैसला नहीं :** इधर, राजधानी में अब तक इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) कनेक्शन देने पर फैसला नहीं हो सका है। इस कारण हजारों लोग परेशान हैं। दो साल पहले इस मुद्दे पर सियासत गरमा गई थी। इसके बाद शहर सरकार ने बल्क की जगह व्यक्तिगत कनेक्शन देने का फैसला लिया था। इसके लिए एक कमेटी भी बनाई गई थी। बावजूद अब तक लोगों को बल्क की जगह व्यक्तिगत कनेक्शन नहीं मिल रहे हैं। बता दें कि बल्क कनेक्शन का मुद्दा कई बार सार्वजनिक कार्यक्रमों में भी उठ चुका है।

**3 महीने के बाद होगी मीटिंग**

पिछली बैठक 13 दिसंबर को हुई थी। यह मीटिंग करीब तीन महीने में हुई थी, जबकि नियम 2 महीने के अंदर का है। इस बार भी एक महीना ज्यादा बीत चुका है। ऐसे में विपक्ष यानी, कांग्रेस पार्षदों ने विरोध जताया है। हालांकि, 24-25 फरवरी को भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट थी। मीटिंग में देरी होने की वजह इसे ही बताया जा रहा है।

## समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए पंजीयन की तारीख अब 17 मार्च तक

**ग्वालियर।** रबी वर्ष 2024-25 (विपणन वर्ष 2025-26) में किसानों से समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं सरसों की फसल के उपार्जन हेतु प्रदेश भर में किसानों की उपज खरीदी हेतु पंजीयन की तारीख बढ़ाकर शासन ने 17 मार्च 2025 कर दी है। संयुक्त संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास से प्राप्त जानकारी के अनुसार किसानों के पंजीयन की पूर्व में तारीख 10 मार्च 2025 निर्धारित की गई थी, जिसे बढ़ाकर 17 मार्च 2025 कर दिया गया है। किसानों का अधिक से अधिक पंजीयन हो, इसके लिये राज्य सरकार द्वारा तारीख बढ़ाई गई है। इस वर्ष चने का समर्थन मूल्य 5650 रूपए प्रति क्विंटल, मसूर का 6700 रूपए प्रति क्विंटल एवं सरसों का समर्थन मूल्य 5950 रूपए निर्धारित किया गया है। किसान भाई निर्धारित उपार्जन केन्द्र पर पहुँचकर अपनी उपज विक्रय सकेंगे।

# मध्य प्रदेश में घर बनाना होगा सस्ता

**हाईकोर्ट ने रेत खनन करने वाले ठेकेदारों को दी बड़ी राहत**

गुड इवनिंग, भोपाल

मप्र हाई कोर्ट ने मध्य प्रदेश के रेत का खनन करने वाले ठेकेदारों को राहत दी है। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सुरेश कुमार कैत ने मध्य प्रदेश सरकार रेत खनन नीति के खिलाफ फैसला सुनाया है। कोर्ट के फैसले से अब इन ठेकेदारों को नीलामी के दौरान लगाई बोली का पूरा पैसा सरकार को नहीं देना होगा।

अब सरकार रेत की केवल उतनी ही रॉयल्टी ले सकेगी जितनी रेट खदान से उठाई गई है। हालांकि, फिलहाल इसका फायदा सिर्फ नर्मदापुरम के ठेकेदारों को मिला है क्योंकि इन्होंने ही कोर्ट में याचिका लगाई थी।

**सरकार करती है रेत के खदानों की नीलामी :** दरअसल, मध्य प्रदेश की खनन नीति के अनुसार सरकार रेत की खदानों की नीलामी करती है। इस नीलामी में सरकार ठेकेदार को एक निश्चित मात्रा में रेट उठाने की इजाजत देती है इसके लिए रॉयल्टी की कीमत भी तय हो जाती है। इस नीति के अनुसार रेत खनन करने वाले ठेकेदार को बोली में लगाई कीमत हर हाल में सरकार को देनी होती है। यह पैसा पहले हर 3 महीने में देना होता था बाद में इस नियम को बदलकर हर माह कर दिया गया। इस नियम के अनुसार यदि रेत खनन करने वाला ठेकेदार रेत की उतनी मात्रा नहीं उठा पाता जितने की उसने बोली लगाई थी, तो भी ठेकेदार को सरकार को पैसा देना पड़ता है। नर्मदापुरम जिले के एक रेत ठेकेदार ने 118 खदानों के लिए बोली लगाई थी और उसे लगभग 80 लाख घन मीटर खनन करने की अनुमति मिली थी। ठेकेदारों को 110 करोड़ रुपये सरकार को देने थे, लेकिन ठेकेदारों ने सरकार को यह पैसा नहीं दिया। इसलिए माइनिंग डिपार्टमेंट ने ठेकेदारों से पैसा वसूलने के लिए नोटिस भेजा। तब ठेकेदारों ने बताया कि उनकी कई खदानों को पर्यावरणीय स्वीकृति नहीं मिली है इसलिए वे खनन ही नहीं कर पाए।

**माइनिंग डिपार्टमेंट के नोटिस को किया खारिज :** चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत ने अपने फैसले में माइनिंग डिपार्टमेंट के नोटिस को खारिज कर दिया और माइनिंग डिपार्टमेंट से कहा गया है कि ठेकेदारों ने जितनी रेत उठाई है केवल उसकी ही रॉयल्टी ली जाए। ठेकेदार बोली की पूरी रकम देने के लिए मजबूर नहीं है। इस फैसले के आने के बाद प्रदेश भर के रेत खनन करने वाले ठेकेदार इस फैसले को नजीर मानते हुए अपने लिए भी राहत पाने की उम्मीद लगा रहे हैं। यदि ऐसा हो जाता है तो ठेकेदारों को केवल उतना ही पैसा देना होगा जितनी रेत खदान से उठाई गई। इससे सरकार को तो नुकसान होगा लेकिन ठेकेदार और आम जनता को सस्ती रेत और बालू मिल सकेगी। क्योंकि अभी ठेकेदार सरकार को जो पैसा देता है उसकी वजह से रेत के दाम बहुत अधिक बढ़ जाते हैं। रेत सस्ती हुई तो घर बनाना भी सस्ता हो जाएगा।

## जिले के मछुआरों को दिया गया तीन दिवसीय प्रशिक्षण

**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना अंतर्गत जिले के मछुआरों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण मत्स्य बीज प्रक्षेत्र ग्वालियर कार्यालय में किया गया। प्रशिक्षण में मत्स्य उत्पादन, झींगा उत्पादन एवं स्मार्ट पार्लर के संबंध में मछली पालकों को विस्तार से जानकारी दी गई। मत्स्य पालन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना के अंतर्गत किसानों के प्रशिक्षण में तीन दिवस विषय विशेषज्ञों द्वारा शिविर में आकर मत्स्य पालन के संबंध में विभिन्न जानकारियां दी गईं तथा मत्स्य पालन में बरती जाने वाली सावधानियों के संबंध में भी अवगत कराया गया। मत्स्य पालन के साथ-साथ झींगा उत्पादन की भी जानकारी मत्स्य पालकों को प्रदान की गई। शिविर में विभाग द्वारा शहर में स्थापित किए जा रहे स्मार्ट फिश पार्लर के संबंध में जानकारी दी। इसके साथ ही फिश पार्लर को लेने के लिये क्या-क्या कार्रवाई की जाना हैं, इसके संबंध में भी अवगत कराया गया।

# खास सप्लायरों के लिए टेंडर में रखी विशेष शर्तें

**आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए प्री-स्कूल एजुकेशन किट खरीदने की तैयारी**

गुड इवनिंग, भोपाल

सिंगरोली में आंगनबाड़ी केंद्रों में के लिए महिला बाल विकास विभाग द्वारा 5 करोड़ रुपए के चम्मच, सर्विंग चम्मच और जग खरीदने का विवाद अभी थमा भी नहीं है कि आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए प्री-स्कूल एजुकेशन किट खरीदने की तैयारी हो रही है। आरोप लगाया जा रहा है कि इसके लिए विभाग ने टेंडर में ऐसी शर्तें रखी हैं ताकि कुछ खास सप्लायर ही टेंडर के लिए पात्र हो सकें। बच्चों को स्कूल के लिए तैयार करने में सहायक आंगनबाड़ी केंद्रों में एक साल के बच्चों का आना शुरू हो जाता है। इसी को देखते हुए प्री-स्कूल एजुकेशन किट तैयार किया गया है। इसके बाद सरकार की सोच है कि छह साल में जब बच्चा पहली कक्षा में दाखिले के लिए तैयार होता है। उससे पहले वह आंगनबाड़ी केंद्र में रहकर पढ़ाई के लिए तैयार हो पाएगा। उसे बेसिक जानकारी हो जाएगी।

गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश की तरह मप्र में भी आंगनबाड़ी केंद्रों को प्री-नर्सरी स्कूलों की तरह संचालित करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए केंद्रों में प्री-स्कूल एजुकेशन किट की जरूरत है। जिसमें रंगीन चार्ट पेपर, बिल्डिंग बाक्स, मोम कलर, पेंसिल कलर, कलर चाक, स्लेट-पेंसिल, गोंद, कठपुतली, गुड़िया, शैक्षिक खिलौने, किले सहित अन्य सामग्री होती है। प्रदेश में 97,329 आंगनबाड़ी केंद्र हैं, जिनके लिए यह किट खरीदे जाने है। लेकिन खरीदी की यह प्रक्रिया विवादों में पड़ गई है।

व्यावसायिक शिक्षा के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने केन्द्र सरकार को भेजा प्रस्ताव

# स्कूलों में तैयार होंगे इलेक्ट्रिशियन, बढ़ई, प्लंबर

गुड इवनिंग, भोपाल

प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा लागू की जा रही नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रत्येक बिंदु को ठोस तरीके से लागू किये जाने के प्रयास किये जा रहे है। नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में तेजी से बढ़ती हुई विश्व की अर्थव्यवस्था में भारतीयों का किस प्रकार से योगदान हो उसकी चिंता की गई है। बढ़ती हुए आबादी के साथ जनता के लिए उनकी शिक्षा, कौशल और आकांक्षाओं के अनुरूप रोजगार का सृजन एक महत्वपूर्ण चुनौती है। इस बात को ध्यान में रखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग सरकारी स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा पर जोर दे रहा है।

स्कूल शिक्षा विभाग ने नये शैक्षणिक सत्र में 700 नये उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में नये ट्रेड एवं जॉब रोल्स शुरू करने का प्रस्ताव केन्द्र सरकार के शिक्षा विभाग को भेजा है। यह ट्रेड 21वीं सदी के नवीन कौशल उन्नयन पर आधारित है। वर्तमान में 2383 विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा के कोर्स चल रहे है। इन्हें मिलाकर प्रदेश में व्यावसायिक शिक्षा देने वाले स्कूलों की संख्या 3 हजार से अधिक हो जायेगी। इन कोर्स में उन्नत कृषि को बढ़ावा देने पर बल दिया गया है। डेयरी विकास से जुड़े कोर्स कन्स्ट्रशन ट्रेड अंतर्गत मेशन सहायक, कंस्ट्रशन पेन्टर, असिस्टेंट डिजाइनर, फैशन, हाउसकीपिंग, ऑफिस




एडमिनिस्ट्रेशन एण्ड मैनेजमेंट के जॉब रोल्स भी प्रारंभ किये जायेंगे। प्रदेश में वर्तमान में 2383 विद्यालयों में 4 लाख से अधिक विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा दी जा रही है। व्यावसायिक शिक्षा देने के लिये 4 हजार 700 से अधिक शिक्षकों को विभिन्न विषयों का प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की गई है। लोक शिक्षण संचालनालय ने प्रदेश में संचालित व्यावसायिक शिक्षा के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारियों को व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिये है।

**वर्तमान में चल रहे विभिन्न कोर्स**

प्रदेश में वर्तमान में 2383 विद्यालयों में 4 लाख से अधिक विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा दी जा रही है। वर्तमान में संचालित कोर्स में कक्षा 9 और 10 में डाटाएंट्री ऑपरेटर, जूनियर फील्ड टेक्नीशियन, असिस्टेंट ब्यूटी थेरेपिस्ट, रिटेलस्टोर, ऑपरेशन असिस्टेंट, प्राइवेट सिक्योरिटी गॉड, फूड एंड बेवरीज, सर्विस असिस्टेंट, माइको फाइनेंस एग्जीक्यूटिव, असिस्टेंट प्लंबर, सिलाई मशीन ऑपरेटर, फोर व्हीलर सर्विस असिस्टेंट, इलेक्ट्रॉनिक सर्विस असिस्टेंट और फिजिकल एजूकेशन असिस्टेंट विषय प्रमुख है। कक्षा 11 और 12 में जिन कोर्स को प्राथमिकता दी गई है। उनमें जूनियर सॉफ्टवेयर डेवलपर, सोलर पैनल टेक्नीशियन, ड्रोन सर्विस टेक्नीशियन, सीसीटीबी, फुटेज ऑपरेटर, पलोरीकल्चर, सेल्फ एम्प्लॉयड टेलर प्रमुख है।

## ओंकार भोजन प्रसादालय में भोजन व्यवस्था में किया बदलाव, एसडीएम ने दिए निर्देश

# भक्तों को अब सीधे परोसा जाएगा भोजन



गुड इवनिंग, खंडवा

**ओंकारेश्वर के ज्योतिर्लिंग मंदिर के ओंकार भोजन प्रसादालय में भोजन व्यवस्था में बदलाव किया गया है। मंदिर संस्थान के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और एसडीएम शिवम प्रजापति ने यहां पसरी अव्यवस्थाओं में सुधार करने के साथ तीर्थयात्रियों को सीधे भोजन परोसने की व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। ताकि भक्तों को बार बार भोजन के लिए उठना नहीं पड़े।**

ओंकार भोजन प्रसादालय में पहले भक्तों को भोजन लेने के लिए बार बार थाली से उठकर भोजन लेने कर्मचारियों के पास जाना पड़ता था। जिसमें बुजुर्गों सहित महिला तीर्थयात्री परेशानी का सामना भी करते थे। जबकि देश,प्रदेश,सहित निमाड़ क्षेत्र के ही अनेक धार्मिक स्थानो पर टेबल या जमीन पर बिठाकर भोजन व्यवस्था प्रदान की जाती है। वहां भी कर्मचारी स्वयं पहुंचकर भोजन परोसने की सेवा देते हैं। चाहे आप नांगलवाड़ी तीर्थ क्षेत्र देख ले, सियाराम बाबा अन्न क्षेत्र देख ले,या उज्जैन महाकाल में की नगरी में संचालित प्रसादलय की व्यवस्था देख ले। ओर कही दूर नहीं जाकर गजानन महाराज संस्थान की व्यवस्था देख ले। वहां कही भी ऐसा नहीं होता जबकि यहां पर्याप्त कर्मचारी होने के बाद भी ये अव्यवस्था ओमकार भोजन प्रसादालय में चल रही थी। जो भारतीय भोजन पद्धति के अनुसार अनुचित थी। 30 से अधिक कर्मचारियों का दल प्रसादालय में मौजूद होने के बाद भी ये अव्यवस्था चल रही थी। प्रजापति ने ओचक निरीक्षण के बाद तत्काल इस व्यवस्था को आम भक्तों के लिए सुलभ किया। तीर्थयात्रियों ने व्यवस्था में किए बदलाव के लिए जिला प्रशासन को धन्यवाद प्रेषित किया।

## बालाजी भगवान की 81 फीट ऊंची प्रतिमा बनकर तैयार

### व्यवसाय, पर्यटन एवं राजमार्ग का त्रिवेणी संगम बनेगा क्षेत्र

गुड इवनिंग, खंडवा

छैगांव माखन स्थित दिव्य बालाजी नगर में निमार्णाधीन बहुप्रतीक्षित बालाजी भगवान की प्रतिमा पूर्ण रूप से तैयार हो चुकी हैं, एवं मूर्ति के सभी भाग आपस में जोड़े जा चुके हैं।

बालाजी ग्रुप के संस्थापक एवं समाजसेवी कॉलोनाइजर रितेश गोयल ने बताया कि छः गांव माखन की दिव्य बालाजी नगर कॉलोनी व्यवसाय, पर्यटन एवं राजमार्ग का त्रिवेणी संगम बनने जा रही है। जहां कॉलोनी इंदौर इच्छापुर राजमार्ग के किनारे स्थित होने एवं बालाजी भगवान की 81 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित होने के कारण व्यावसायिक संभावनाएं बढ़ने जा रही हैं। आज इंदौर से आई प्रशिक्षित टीम के द्वारा क्रेन के माध्यम से बालाजी भगवान के कमर से ऊपर के हिस्से को जोड़ कर पूरी मूर्ति को असेंबल किया जा चुका है, अब मात्र कुछ बारीक कार्य, रंग रोगन और साज सज्जा वाले कार्य ही बचे हैं। बालाजी भगवान की 81 फीट ऊंची प्रतिमा बन कर पूर्ण रूपेण तैयार हो चुकी है।

आज इस कार्य के दौरान पूरे बालाजी ग्रुप ने बड़े उत्साह के साथ बालाजी भगवान के जयकारे लगाते हुए भगवान की पूजा- अर्चना की एवं इस कार्यक्रम को आरंभ किया। साथ ही मूर्ति के दोनों तरफ स्थित लगने वाली लिफ्ट की भी ट्रायल हो चुकी है, जिससे भगवान का जलाभिषेक एवं पुष्पाभिषेक भी किया जा सकेगा।



लाइट के प्रभाव से चमचमाते हुए हीरे एवं नग के द्वारा बालाजी भगवान की प्रतिमा का रूप बहुत ही सुंदर तरीके से निखर कर सामने आ रहा है। बालाजी ग्रुप के संस्थापक रितेश गोयल ने समस्त क्षेत्र वासियों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में कॉलोनी में पहुंच कर इस निमार्णाधीन बालाजी भगवान के श्री क्षेत्र का दर्शन लाभ लेवे, क्योंकि अभी जो मूर्ति एवं अन्य कार्य संपन्न होते हुए दिखाई देंगे, ये इसके बाद कभी भी हम देख नहीं पाएंगे। यह फोटो और स्मृतियां हमको फिर कभी भी नहीं मिल पाएंगे। अतः अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर यह स्मृतियां हम सभी को अपने जीवन में उतारनी चाहिए।

इस पूरे कार्यक्रम के दौरान बालाजी ग्रुप के संस्थापक रितेश गोयल, मुकेश अग्रवाल, योगेश गोयल, भीमकुंड बाबा दुगार्नंद गिरी, परिकल्पनाकार अमित गुप्ता, मूर्तिकार अजय पुन्यासी एवं टीम, दीप्तेश गुप्ता,पिंकू अग्रवाल,सुनील मालवीय, अर्पित पूरी,रोहित सेठी, अशोक कुमार सुखवाल,जितेंद्र पाटिल, प्रीतम गोयल, अजय अटूट, मनीष तायडे, विनय सिंह , नरेश शर्मा, विनायक सर्राफ,महेश पटेल, चंद्रमणि गायकवाड़, स्वाति पटेल, काजल महाजन, तानिया सहित संपूर्ण बालाजी ग्रुप एवं अनेक पत्रकार बंधु मौके पर मौजूद थे।

# आपसी सद्भाव और शांति के साथ मनाएं त्योहार

### शांति समिति की बैठक

### धुलेंडी, रमजान का जुम्मा एक ही दिन, नपाध्यक्ष ने की भाईचारा बनाए रखने की अपील

गुड इवनिंग, सारंगपुर

रमजान, होली, रंगपंचमी, रामनवमी के त्योहार शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर मंगलवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान एसडीएम रोहित बम्होर, एसडीओपी अरविंद सिंह, थाना प्रभारी शकुंतला बामनिया, विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल, नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल सहित वार्ड जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिक मौजूद थे। हिन्दू एवं मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधियों ने त्योहारों पर होने वाले विभिन्न आयोजनों की जानकारी दी। इस मौके पर अधिकारियों ने उपस्थित जनों से अपील करते हुए कहा कि त्योहार आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ मनाएं। होली के 5 दिवसीय कार्यक्रमों एवं रमजान के पाक महीने में कोई ऐसा कार्य न करें जिससे किसी को ठेस पहुंचे। इस मौके पर मौजूद नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल ने कहा कि धुलेंडी व रमजान का दूसरा जुम्मा एक ही दिन आ रहा है, साथ ही 19 मार्च को रंगपंचमी की गैर जुलूस निकलेगा, इस पर हमें आपसी भाई चारे की मिशाल देते हुए त्यौहार मनाना है, जिससे नगर में सद्भावना बनी रहे। साथ नपाध्यक्ष ने नगर पालिका से दोनों समाजजनों को नगर पालिका से पारम्परिक हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने की बात बैठक में कही है।

वही विधायक्ष प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल ने प्रशासन से शरारती तत्वों पर निष्पक्ष कार्रवाई करने और शहरवासियों से शांति सद्भावना से त्योहार मानने की बात कही है। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष डॉक्टर राजेंद्र मिश्रा, पांच दिवसीय होली और रंगपंचमी को लेकर होने वाले आयोजन की विस्तृत रूप से जानकारी प्रशासन को दी। इस दौरान बैठक में महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद, भाजपा नेता निर्मल जैन, प्रदीप सदानी, अंजुमन सदर अलीम बाबा, सीएमओ दीपक रानवे, कनिष्ठ यंत्री मिश्रा, गोकुल दंडवानी, महेश पाटीदार, मनोज जैन, सुधीर श्रीमाल, आशुतोष वैद्य, डॉक्टर रफीक शेख, नावेद अली, मानसिंह पाटीदार, संजय विजयवर्गीय, निलेश वर्मा, पुलिसकर्मी सतीश परमार, नवीन राजपूत, गजेंद्र सिंह बना, सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।




## होली में हुड़दंग करने वालों की खैर नहीं

गुड इवनिंग, खातेगांव

खातेगांव थाना परिसर में होली- रंग पंचमी एवं ईद पर्व को लेकर एसडीओपी आदित्य तिवारी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई ,जिसमें आगामी पर्वों को शांतिपूर्वक भाईचारे के साथ मनाने की अपील की गई।

बैठक के दौरान एसडीओपी आदित्य तिवारी ने कहा कि होली में हुड़दंग करने वालों की अब खैर नहीं होगी। ऐसे आसामाजिक तत्व जो शांति व्यवस्था को बिगड़ने का प्रयास करते हैं पुलिस उनसे सख्ती से निपटेगी।

बैठक में तहसीलदार अभिषेक शर्मा, डॉ शैलेंद्र कालेन, थाना प्रभारी विक्रांत झंझोट, मनीष काशीकर(नपाः) श्री गुरप्रीत सिंह चावला ( मंडी) वीरेंद्र गिरी (एमपीबी) शेखर अग्रवाल (पूर्व पार्षद) शैलेश यादव (पूर्व पार्षद) वन पर्यावरण जिला अध्यक्ष जगदीश बिश्नोई, किशन खिलेरी,शंकर घुडिया, शादिक शाह,अजय परणामी, कमल कासलीवाल (पूर्व पार्षद) एस के भाटी (वन विभाग) आरिफ, मोदु, मनीष इनानिया, बल्लू बिश्नोई ,सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि शांति समिति के सदस्य एवं नागरिक गण मौजूद थे।

बैठक में नगर में झूलते विद्युत तारों को ऊंचा करने, जलाऊ लकड़ी की व्यवस्था करने ,विद्युत तारों के नीचे होलिका दहन नहीं करने ,होलिका दहन के स्थान पर सड़कों पर मुरम डालने ,पानी टैंकर फायर विकेट मौजूद रखने, 24 घंटे एंबुलेंस डॉक्टर की टीम उपलब्ध रहने ,शीतला सप्तमी एवं होली और अन्य पर्वों पर विद्युत कटौती न की जाए एवं मुख्य चौराहे और स्थानो पर पुलिस की तैनाती हो।

# कांग्रेस ने की शहर माहौल खराब करने वालों पर कार्रवाई की मांग

गुड इवनिंग, देवास

दो दिन पहले सयाजी द्वार पर भारत की जीत का जश्न मनाया जा रहा था, जश्न में शराब के नशे में धुत कुछ युवाओं ने पटाखे वहां खड़े लोगों व महिला, बच्चों की ओर फेक जिससे जनहानि होने की पूर्ण संभावना बन गई थी।

इसी घटनाक्रम को देखते हुए सिटी कोतवाली थाना प्रभारी श्री अजय गुर्जर व कुछ पुलिसकर्मी हुड़दंग कर रहे युवाओं को समझने लगे मगर नशे में धुत युवाओं ने श्री अजय गुर्जर से बहस करना प्रारंभ कर दिया और पुलिस की गाड़ी का कांच फोड़ दिया।

आज देवास में बिकते हुए अवैध नशे के कारण नशेड़ियों की यह स्थिति बन गई है कि हमारी सुरक्षा कर रहे पुलिस वाले भी अब सुरक्षित नहीं है, नशे के आदि यह युवा पुलिस के लोगों की भी बात नहीं मान रहे हैं, उनसे भी गलत व्यवहार करने से नहीं चूक रहे हैं।

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनोज राजानी एवं प्रवक्ता चंद्रपालसिंह सोलंकी ने कहा कि हमारा देवास शहर बहुत शांत और मेल मिलाप वाला शहर है यहां पर हर त्यौहार व हर आयोजन सभी लोग मिलजुल कर मानते हैं मगर जब से देवास में अवैध नशे, सट्टे, जुए के व्यापार में सत्ता पक्ष के लोगों में प्रतिस्पर्धा प्रारंभ हुई है तब से देवास में अपराधियों, नशेड़ियों का बोलबाला हो गया है इनको पूरा संरक्षण भारतीय जनता पार्टी के नेताओं का मिल रहा है जिसके कारण यह बड़े-बड़े अपराध करने से भी नहीं चुकते हैं। सत्ता व अपराध का गठजोड़ देवास को पतन की ओर ले जा रहा है, जिसका सशक्त उदाहरण सयाजी द्वार की घटना है। वहीं दूसरी ओर यह भी देखा गया है कि पुलिस द्वारा भी निर्दोष व्यापारी अखिलेश यादव के साथ मारपीट की गई, उसे गंभीर चोटे पहुंचाई गई व अन्य व्यापारियों से अभद्रता की गई, जब हमारे रक्षक पुलिसकर्मी ही निर्दोष व्यापारी या जनता से गलत व्यवहार करती है तो आम जनमानस का पुलिस व प्रशासन पर से विश्वास उठता है जो शहर हित में नहीं है।

### क्रिकेट की जीत की खुशी का उत्साह बदला तनाव में

**देवास।** दो दिन पहले क्रिकेट में भारतीय टीम की विजय के उत्साह के अतिरेक में सड़कों पर निकली भीड़ ने मालवा के माहौल को तनाव से भर दिया। महू के दंगों के साथ ही उज्जैन और देवास में भी हुड़दंगियों ने अनियंत्रित तरीकों से पटाखे चला कर भीड़ पर उछाले। महिलाओं से छेड़खानी की और जब पुलिस ने इन्हें नियंत्रित करने की कोशिश की तो भीड़ ने थाना इंचार्ज के साथ भी अभद्रता करते हुए उनके वाहन में भी तोड़फोड़ की कोशिश की।

उन्मादी भीड़ को अपने बल के साथ नियंत्रित करने वापस लौटी पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के आधार पर कुछ लोगों को न सिर्फ गिरफ्त में लिया बल्कि उन्हें गंजा कर उनका जुलूस भी निकाला। इन सब कार्यवाही के दौरान कुछ व्यापारियों को भी पुलिस के खौफ का शिकार बनना पड़ा और उसके बाद शुरू हुई राजनीति के चलते एक आरक्षक को लाइन अटैच भी कर दिया गया। बीते दो दिन तमाम घटनाक्रम को लेकर लोग सोशल मीडिया पर सक्रिय बने रहे।

# अपील : होली पर करें प्राकृतिक रंगों का उपयोग

गुड इवनिंग, खंडवा

कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने जिलेवासियों से होली के त्यौहार को पर्यावरण संरक्षण और गोशालाओं की समृद्धि के साथ मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष केवल प्राकृतिक रंगों का उपयोग करें। ये रंग हमारे स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित होते हैं और पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुँचाते हैं। रासायनिक रंगों से न केवल हमारी त्वचा को हानि होती है, बल्कि ये जल स्त्रोतों को भी प्रदूषित करते हैं। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक रंगों का इस्तेमाल करके हम न केवल अपने स्वास्थ्य की रक्षा कर सकते हैं, बल्कि पर्यावरण को भी सुरक्षित रख सकते हैं।

कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि होलिका दहन के अवसर पर गोकास्ट (गोबर आधारित कास्टिंग) एवं कंडों का उपयोग करने का भी ध्यान रखें। यह न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि इससे हमारे गोशालाओं की समृद्धि भी होगी। इससे गोशालाओं को आर्थिक सहायता मिलेगी और गोवंश की देखभाल में भी सुधार होगा।

कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि हम सबको मिलकर एक ऐसा होली उत्सव मनाना चाहिये जो न केवल रंगों से भरा हो, बल्कि हमारी धरती और गोशालाओं के प्रति हमारी जिम्मेदारियों को भी दर्शाए। उन्होंने कहा कि यह समाज, पर्यावरण और गोवंश के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

### 13 को सुबह 10:02 बजे से 14 मार्च की सुबह 11:11 बजे तक रहेगी पूर्णिमा

# होली पर पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र का विशेष संयोग

गुड इवनिंग, धार

**मालवा के प्रसिद्ध ज्योतिष गुरु डॉ. अशोक शास्त्री ने बताया होलिका दहन के अवसर पर पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र का विशेष संयोग बन रहा है। इसके साथ ही अभिजीत मुहूर्त का भी महत्व है। परंतु इस साल होली पर भद्रा का साया बना हुआ है। अब सवाल यह है कि ऐसे में होलिका दहन का शुभ मुहूर्त क्या होगा?**



डॉ. अशोक शास्त्री के अनुसार होली का त्योहार फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। रंगों का यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत, आपसी प्रेम, सद्भाव का प्रतीक है। लेकिन रंग खेलने से पहले होलिका दहन की परंपरा है। होलिका दहन की धार्मिक मान्यता यह है कि इस दिन भक्त प्रह्लाद की रक्षा के लिए भगवान विष्णु ने होलिका का विनाश किया था। इसे बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन लोग आपस की बुराई, बैर, नफरत और नकारात्मक चीजों को होलिका में अर्पित करके जीवन में नई ऊर्जा, खुशी और जीवन में सकारात्मकता का भाव अपनाकर रंगों के त्योहार का स्वागत करते हैं।



इस स्थिति में डॉ. अशोक शास्त्री ने बताया कि इस वर्ष फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि 13 मार्च को सुबह 10:02 मिनट पर शुरू हो जाएगी, जो 14 मार्च, शुक्रवार की सुबह 11:11 बजे तक रहेगी। लेकिन होलिका दहन के दिन भद्राकाल 13 मार्च को सुबह 10:02 बजे से रात 10:37 बजे तक रहेगी। इसलिए भद्रा रहित होलिका दहन 13 को रात 10:37 बजे के बाद से लेकर 14 मार्च के सूर्योदय पूर्व तक किया जा सकता है।भद्रा काल में होलिका दहन अशुभ माना जाता है। इसलिए होलिका दहन का शुभ मुहूर्त भद्रा समाप्ति के बाद ही शुरू होगा। ज्योतिष गुरु डॉ. शास्त्री ने यह भी बताया कि होली के दिन यानी 14 मार्च को सुबह 9.27 बजे खग्रास चंद्रग्रहण भी लगेगा, जो दोपहर 3.30 बजे तक तक रहेगा। हालांकि यह चंद्र ग्रहण देश में दिखाई नहीं देगा। जिसका प्रभाव देश में नहीं पड़ेगा।

डॉ. अशोक शास्त्री ने बताया की होलिका दहन के संबंध में मान्यता है कि भगवान-विष्णु के परम भक्त प्रह्लाद को उनके पिता हिरण्यकश्यप ने फाल्गुन शुक्ल अष्टमी से लेकर होलिका दहन तक अनेक यातनाएं दी। यह समय प्रह्लाद की कठिन परीक्षा का समय था, इसलिए इसे अशुभ समय भी माना जाता है।

### होलिका दहन का शुभ मुहूर्त

- पूर्णिमा तिथि का आरंभ 13 मार्च रात्रि 10:02 बजे
- भद्रा समाप्तिः 13 मार्च रात 10:37 बजे
- होलिका दहन का शुभ समयः 13 मार्च रात्रि 10:37 बजे के बाद
- मध्य रात्रि में केवल 1 घंटा 4 मिनट का समय
- भद्रा समाप्तिः मध्य रात्रि के बाद शुभ मुहूर्त अवधिः 1 घंटा 4 मिनट

# ‘विकसित भारत के निर्माण में नॉर्थ ईस्ट का योगदान सबसे महत्वपूर्ण होगा’

## आने वाले समय में यहां के युवाओं को रोजगार के लिए कहीं और नहीं जाना होगा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में Student Experience in Inter-State Living (SEIL) द्वारा आयोजित North-East Students’ & Youth Parliament को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि नॉर्थईस्ट, भारतीय संस्कृति का एक अमूल्य गहना है और यह क्षेत्र भारत की संस्कृति को समृद्ध करने वाली विरासत से लैस है। उन्होंने कहा कि नॉर्थईस्ट में पूरी दुनिया को पर्यटन की दृष्टि से आकर्षित करने की क्षमता है। साथ ही नॉर्थईस्ट में भारत के सबसे ज्यादा कद्द वाले युवा हैं और सबसे मेहनती जनजातियां यहीं हैं। सहरे शाह ने कहा कि पूर्वोत्तर में 220 से अधिक जनजातीय समूह, 160 से अधिक जनजातियां, 200 से अधिक बोलियां और भाषाएं, 50 यूनिक प्रकार के त्यौहार और पूरी दुनिया में प्रसिद्ध 30 से अधिक नृत्य शैलियां हैं।



श्री शाह ने कहा कि इतनी सारी विशेषताएं होने के बावजूद हमारा नॉर्थईस्ट विकास में पिछड़ गया क्योंकि एक समय था जब अलग-अलग प्रकार के मतिभ्रम और विवाद पैदा कर आतंकवाद और अलगाववाद को खड़ा किया गया। हिंसा, बंद, ड्रग्स, ब्लाकेड और प्रांतवाद ने हमारे नॉर्थईस्ट को टुकड़ों में बांट दिया। उन्होंने कहा कि इसने हमारे उत्तरपूर्व को मानसिक रूप से न सिर्फ देश से बल्कि पूर्वोत्तर के राज्यों को भी एक दूसरे से अलग करने का काम किया। उन्होंने कहा कि इसके परिणामस्वरूप हमारा नॉर्थईस्ट विकास की दृष्टि से 40 साल तक पिछड़ता चला गया और इसमे सबसे बड़े बाधक आतंकवादी और अलगाववादी समूह बने।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि जब भी उनकी पार्टी की सरकार आई तो उसने पूर्वोत्तर को प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा कि पहले इतने बड़े और पिछड़े भूभाग के लिए कोई अलग मंत्रालय नहीं था लेकिन अटल जी की सरकार में इसकी स्थापना की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्र सरकार के हर कार्यक्रम में नॉर्थईस्ट को केंद्र बिंदु बनाया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि है कि उसने नॉर्थईस्ट और भारत के बाकी भागों के बीच की दूरी को कम कर दिया। श्री शाह ने कहा कि उत्तरपूर्व के हर राज्य की राजधानी 2027 तक रेल, हवाई मार्ग और सड़क नेटवर्क से जुड़ जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने न सिर्फ कनेक्टिविटी बढ़ाकर उत्तरपूर्व को भारत के अन्य हिस्सों से जोड़ा, बल्कि फिज़िकल दूरी के साथ-साथ दिलों की दूरियां मिटाने का काम भी किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने हर योजना के केन्द्र में पूर्वोत्तर को रखकर और एक के बाद एक वहां के हर उग्रवादी समूह से चर्चा कर उनकी समस्याओं को सुन, समझ और उनके साथ समझौते कर उन्हें मेनस्ट्रीम में लाने का काम किया।

श्री शाह ने कहा कि उत्तरपूर्व आज शांति का अनुभव कर रहा है। वर्ष 2004 से 2014 के बीच नॉर्थईस्ट में 11 हजार हिंसा की घटनाएं हुईं जबकि 2014 से 2024 के बीच सगभग 70 प्रतिशत की कमी के साथ ये संख्या 3428 रह गई। सुरक्षाबलों की मृत्यु में 70 प्रतिशत और नागरिकों की मृत्यु में 89 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि सभी उग्रवादी समूहों के साथ मोदी सरकार ने समझौते किए और लगभग 10,500 से ज्यादा विद्रोही हथियार डालकर मेनस्ट्रीम में आए हैं। श्री शाह ने कहा कि 10 साल में हमने विद्रोही समूहों के साथ 12 महत्वपूर्ण समझौते किए हैं। सरकार ने एक भारत, श्रेष्ठ भारत के तहत पूर्वोत्तर की भाषाओं, बोलियों, संस्कृति, वेशभूषा, परंपरागत नृत्य और कलाओं को सम्मानित और संरक्षित किया तथा 10 हजार से ज्यादा लोगों से हथियार डलवाकर पूरे उत्तरपूर्व में शांति का माहौल खड़ा किया।

## असम भारत का पहला राज्य बनने जा रहा है, जिसकी होगी अपनी निजी सैटेलाइट



एजेंसी

**नई दिल्ली।** इसरो को सेटेलाइट लॉन्च करने में महारथ हासिल है। वह कई देशों और प्राइवेट कंपनियों की सेटेलाइट स्पेस में लॉन्च करती रही है। अब इसमें भारत के राज्य असम का नाम भी जुड़ने वाला है। असम भारत का पहला ऐसा राज्य बनने जा रहा है, जिसके पास अपनी निजी सेटेलाइट होगी। असम ने 450-500 करोड़ रुपए की लागत वाला जियो-स्टेशनरी लॉन्च करने वाला देश का पहला राज्य बनने के लिए इसरो के साथ बातचीत जारी है।

असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बजट में डिजिटल कक्ष के लिए बड़ी धनराशि की घोषणा करते हुए कहा कि इस सेटेलाइट का मकसद अवैध घुसपैठ के बारे में जानकारी प्राप्त करने के अलावा, बाढ़ की स्थिति में समय रहते चेतावनी और किसानों को फायदा पहुंचाने के लिए मौसम संबंधी जानकारी प्राप्त करना है। असम के वित्त मंत्री ने कहा कि पिछले पांच साल की अवधि में राजस्व संग्रह में जोरदार वृद्धि से उत्साहित सरकार के बजट में भारत की पहली एआई-संचालित एंटी-डीपफेक और साइबर निगरानी प्रयोगशाला, एक अग्रणी ग्रीन पैकेजिंग औद्योगिक केंद्र, एक बांस स्मार्ट सिटी, एआई और ब्लॉकचेन-संचालित चाय नीलामी और असमिया सिनेमा, साहित्य और लोक गीतों को बढ़ावा देने के लिए राज्य के स्वामित्व वाले ओटीटी प्लेटफॉर्म जैसे अन्य गेम-चेंजर प्रस्ताव शामिल हैं।

सीएम ने उमरंगसो में पिछले जनवरी में हुई कोयला खदान दुर्घटना का जिक्र करते हुए जियो-स्टेशनरी स्टेशनरी सेटेलाइट की जरुरत को बताया। इस घटना में नौ लोगों की जान चली गई थी। उन्होंने कहा कि हमें खदान पर डेटा प्राप्त करने में 45 दिन लगे। हमें दुर्घटना के दौरान उस क्षेत्र में स्थित उपग्रहों से जानकारी प्राप्त करनी थी। अगर हमारे पास अपना उपग्रह है, तो इसका उपयोग हमारे भौगोलिक क्षेत्र पर निगरानी के लिए किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि असमसैट ह्लमहत्वपूर्ण सामाजिक-आर्थिक परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए डेटा का निरंतर, विश्वसनीय प्रवाह सुनिश्चित करेगा।

## पोप की सेहत में सुधार, जान को कोई खतरा नहीं

एजेंसी

**वेटिकन सिटी।** वेटिकन ने बताया कि पोप फ्रांसिस के स्वास्थ्य में सुधार हुआ है। डॉक्टरों का कहना है कि उनकी सेहत में सुधार हो रहा है। वेटिकन ने पोप फ्रांसिस की हेल्थ के बारे में बताया कि 88 वर्षीय पोप फ्रांसिस को जल्द ही अस्पताल से छुट्टी मिल सकती है। हालांकि, उनकी स्थिति अभी भी जटिल है। बयान में कहा गया है कि पिछले दिनों में जो सुधार हुए थे, वे अब और बेहतर हो गए हैं, जैसा कि खून के टेस्ट, डॉक्टर की जांच और दवाइयों के अच्छे असर से साबित हुआ है। डॉक्टरों ने सलाह दी है कि पोप फ्रांसिस अपना इलाज पूरा करने के लिए कुछ और दिनों के लिए चिकित्सा निगरानी में रहें, क्योंकि उनकी स्थिति जटिल है और उन्हें अस्पताल में भर्ती होने के समय गंभीर संक्रमण था। पोप फ्रांसिस की तबीयत में सुधार हो रहा है और वह अपने इलाज के दौरान शारीरिक तथा सांस संबंधी चिकित्सा से गुजर रहे हैं। वे रात में ऑक्सीजन मास्क और दिन में हाई-फ्लो ऑक्सीजन कैनुला का उपयोग करते हैं। हालांकि, पोप ने अपने प्रवेश के बाद से कोई सार्वजनिक उपस्थिति नहीं दिखाई है, लेकिन वे वीडियो लिंक के माध्यम से वेटिकन की प्रार्थनाओं का पालन करते हैं। पिछले सप्ताह पोप ने एक ऑडियो संदेश भी रिकॉर्ड किया, जिसमें उन्होंने अपने स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना और समर्थन करने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया।



## कनाडा के नेता ने ट्रंप के टैरिफ वॉर के मुकाबले एनर्जी वॉर छेड़ने की दी चेतावनी

एजेंसी

**ओंटारियो।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्?ड ट्रंप ने कनाडा से लेकर यूरोप के कई मित्र देशों के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। ट्रंप ने सीधे तौर पर कहा है कि जो देश अमेरिका के प्रोडक्ट पर जितना टैरिफ लगाएगा वह भी उतना ही शुल्क उस देश पर लगाएंगे। ट्रंप ने चीन, कनाडा और मैक्सिको से इंपोर्ट होने वाले उत्पादों पर 25 फीसद टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। ट्रंप ने कहा कि बढ़ा हुआ शुल्क 2 अप्रैल 2025 से लागू होगा। अमेरिका के ट्रंप सरकार के इस कदम से कनाडा भी भड़का हुआ है। ओंटारियो के पावरफुल नेता डग फोर्ड ने अमेरिका को धमकी दी है। उन्होंने टैरिफ वॉर के मुकाबले एनर्जी वॉर छेड़ने की चेतावनी दी है। कनाडा से जस्टिन ट्रूडो की विदाई के बाद अब मार्क कार्नी ने कनाडा की सत्ता संभाल ली है। इसके साथ ही अमेरिका के साथ जारी तनातनी ने और तल्ख रूप ले लिया है। फोर्ड ने कहा कि ट्रंप के लिए एक पैमाना बाजार है, जिसमें अब खरबों डॉलर की गिरावट आ चुकी है। उन्होंने कहा कि वह बाजारों को समझते हैं। फोर्ड ने कहा कि आप ट्रंप को पसंद कर सकते हैं या उनसे नफरत कर सकते हैं, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति स्मार्ट व्यक्ति हैं।



## बिजनेस

# सेबी ने एसएमई आईपीओ के नियम किए सख्त

एजेंसी

**मुंबई।** सेबी ने छोटे व मझोले उद्योगों (एसएमई) के लिए आईपीओ लाने के नियमों का सख्त कर दिया है। इसके मुताबिक इश्यू लाने वाली कंपनियों का पिछले तीन वित्त वर्षों में से दो वित्त वर्ष में परिचालन मुनाफा लगभग एक करोड़ रुपये होना चाहिए। साथ ही, ऑफर फॉर सेल के तहत प्रमोटर्स 20 फीसदी से ज्यादा हिस्सा नहीं बेच सकते हैं। सेबी ने सर्कुलर में कहा कि एसएमई आईपीओ के लिए न्यूनतम आवेदन आकार को बढ़ाकर दो लॉट किया गया है। विक्रेता शेयरधारकों को अपनी मौजूदा हिस्सेदारी के 50 फीसदी से अधिक बिक्री की अनुमति नहीं होगी। नियमों को सख्त करने का मकसद निवेशकों के हितों की रक्षा करते हुए अच्छे ट्रैक रिकॉर्ड वाले एसएमई को फंड जुटाने का मौका देना है।सर्कुलर के मुताबिक आईपीओ लाने वाली कंपनियों को समाचार पत्रों में घोषणाएं प्रकाशित करने और मसौदे तक आसान पहुंच के लिए क्यूआर कोड भी देना होगा। एसएमई आईपीओ में सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्य के लिए आवंटित राशि कुल निर्गम आकार का 15 फीसदी या 10 करोड़ रुपये, जो भी कम हो पर सीमित की गई है। निर्गम से प्राप्त आय से कर्ज चुकाने की अनुमति नहीं होगी। पाम तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के बीच गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ने साबुन के दाम बढ़ाने की घोषणा की है। कीमतों में वृद्धि धीरे-धीरे होगी।कंपनी ने कहा, पाम तेल के महंगे होने से उसके मार्जिन पर असर दिख रहा है। हाल के महीनों में शीर्ष उत्पादक इंडोनेशिया और मलेशिया में बाढ़ के कारण पाम तेल की कीमतों में तेज उछाल आया है। इससे उपभोक्ता सामान बनाने वाली एफएमसीजी कंपनियों को उत्पादों की कीमतें बढ़ाने के लिए मजबूर होना पड़ा है।



## मिनी ट्रक सुपर कैरी को किया नए सेफ्टी फीचर्स के साथ अपडेट

एजेंसी

**नई दिल्ली। अपने पहले मिनी ट्रक सुपर कैरी को मारुति सुजुकी कंपनी ने नए सेफ्टी फीचर्स के साथ अपडेट किया है। सुपर कैरी में एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम और इलेक्ट्रॉनिक ब्रेक-फोर्स डिस्ट्रीब्यूशन जैसे एडवांस फीचर्स जोड़े गए हैं, जो वाहन की स्टेबिलिटी बढ़ाते हैं और रोलओवर को रोकने में मदद करते हैं।**

अब यह इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी प्रोग्राम सहित सात सुरक्षा फीचर्स से लैस है, जो ड्राइवर और कार्गो दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। इंजन ड्रैग कंट्रोल अचानक ब्रेकिंग के दौरान पहियों को फिसलने से बचाता है, जबकि ट्रैक्शन कंट्रोल सिस्टम फिसलन भरी सतहों पर बेहतर ग्रिप प्रदान करता है। इसके अलावा, हाइड्रॉलिक ब्रेक असिस्ट (एचबीए) आपातकालीन स्थितियों में ब्रेकिंग पावर बढ़ाता है।



सुपर कैरी को 1.2-लीटर के-सीरीज डुअल जेट, डुअल वीवीटी इंजन और पांच-स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन के साथ पेश किया गया है। यह मिनी ट्रक अब 270 शहरों में 370 से अधिक कमर्शियल आउटलेट्स पर उपलब्ध है। मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के सीनियर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (मार्केटिंग और सेल्स) पार्थो बनर्जी ने कहा, हम सुरक्षित, मजबूत और कुशल वाहन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सुपर कैरी में ईएसपी जैसी नई सुरक्षा तकनीक जोड़ना हमारे ग्राहकों की सुरक्षा और विश्वास को प्राथमिकता देने का प्रमाण है।

## इंडसइंड बैंक का शेयर 23 फीसदी टूटा

एजेंसी

**नई दिल्ली। इंडसइंड बैंक के शेयर में मंगलवार को सुबह के कारोबार में 23 फीसदी की गिरावट आई। लगातार पांचवें दिन गिरावट के साथ इंडसइंड बैंक का शेयर 52 सप्ताह के निचले स्तर पर पहुंच गया। निजी क्षेत्र के बैंक ने अपने वायदा-विकल्प पोर्टफोलियो में कुछ विसंगतियों की सूचना दी थी, जिसके चलते यह गिरावट हुई।**

बीएसई पर इंडसइंड बैंक का शेयर 22.8 फीसदी गिरकर 695.25 रुपये प्रति शेयर के निचले सर्किट पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर कंपनी का शेयर 21.67 फीसदी गिरकर 705.35 रुपये प्रति शेयर के 52 सप्ताह के निचले स्तर पर पहुंच गया। इंडसइंड बैंक ने सोमवार को शेयर बाजार को बताया था कि उसके वायदा-विकल्प पोर्टफोलियो से संबंधित प्रक्रियाओं की आंतरिक समीक्षा के दौरान, उसने कुछ विसंगतियां पाईं। बैंक ने कहा कि उसने विस्तृत आंतरिक समीक्षा में दिसंबर 2024 तक बैंक की कुल संपत्ति पर लगभग 2.35 प्रतिशत के प्रतिकूल प्रभाव का अनुमान लगाया है।




## दुनियाभर में इस साल गेहूं उत्पादन बढ़ने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** इस साल दुनियाभर में गेहूं का उत्पादन 79.6 करोड़ टन पहुंचने की उम्मीद है, जो 2024 के लिए एक फीसदी से अधिक वृद्धि होगी। एक रिपोर्ट के अनुसार यूरोपीय संघ और अमेरिका में गेहूं की पैदावार में वृद्धि की संभावना है, लेकिन कुछ क्षेत्रों में मौसम के प्रतिकूल प्रभाव के कारण उत्पादन पर असर देखा जा सकता है। धान उत्पादन में भी सकारात्मक संकेत हैं, जिससे 2024-25 में वैश्विक धान उत्पादन 54.3 करोड़ टन तक पहुंच सकता है। इस वृद्धि के पीछे भारत, कंबोडिया, और म्यांमार का योगदान है। हालांकि, खाद्य में गेहूं के उपयोग में कुछ कमी हो सकती है, लेकिन खाद्य और कारखानों में उपयोग बढ़ सकता है। वैश्विक अनाज भंडार की कमी के चलते 45 देशों की खाद्य सुरक्षा पर खतरा है, विशेष रूप से गाजा और सूडान में। संगठन ने चेतावनी दी है कि तीव्र खाद्य असुरक्षा की स्थिति बनी हुई है और इस चुनौती से निपटने के लिए कठिन पहलू होंगे। इन खतरों के बीच, संयुक्त राष्ट्र और उनके सदस्य देशों को सहयोग करने की आवश्यकता है ताकि खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में सुधार हो सके।

## सरकार ने उड़द शुल्क मुक्त आयात मार्च 2026 तक बढ़ाया



एजेंसी

**नई दिल्ली।** सरकार ने उड़द के शुल्क मुक्त आयात को 31 मार्च, 2026 तक एक और साल के लिए बढ़ा दिया है। एक सरकारी अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। पहले यह प्रावधान इस साल मार्च तक था। म्यामां भारत को उड़द का मुख्य निर्यातक देश है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा कि इस कदम से घरेलू बाजारों में दलहन कीमतों को स्थिर करने में मदद मिलेगी। चालू वित्त वर्ष में उड़द का आयात अप्रैल-नवंबर के दौरान 60.11 करोड़ अमेरिकी डॉलर रहा। इसमें 54.9 करोड़ डॉलर का आयात म्यामां से किया गया। भारत, म्यामां के अलावा सिंगापुर, थाईलैंड और ब्राजील से उड़द का आयात करता है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा उड़द उत्पादक और उपभोक्ता है।

# मिलावट की आशंका में 100 लीटर दूध के लिए सैंपल






**गुड इवनिंग, सारंगपुर**

जिले में खाद्य सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने कडे कदम उठाए हैं। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने मिलावटी दूध की शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई के लिए सभी मिल्क चिलिंग सेंटर्स की नियमित जांच के आदेश दिए हैं। इन्हें आदेशो के तहत मंगलवार को खाद्य एवं औषधि निरीक्षक सुरेश सिंह खत्री ने रंगेरवाड़ी रोड स्थित गोपाल दुग्ध डेयरी पर छापामार कार्रवाई की। इस दौरान उन्होंने वह पर मिले 100 लीटर संदिग्ध दूध के सैंपल लिए।

**मिलावटी दूध पर राजगढ़ जिला प्रशासन सख्त**

उन्होंने बताया कि यह पर मिलावटी दूध की शिकायतें प्राप्त हो रही थी, जिसके बाद हमने दुध, घी और पनीर के सैंपल लिए है। खत्री ने बताया कि कलेक्टर महोदय ने सभी अनुविभागीय दंडाधिकारियों को दूध की गुणवत्ता की जांच के निर्देश दिए हैं। धारा 144 के तहत नियमित जांच अनिवार्य की गई है। दूध में मिलावट पाए जाने पर दोषियों के खिलाफ कडी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**मिष्ठान भंडारो पर की कार्रवाई-** श्रीखत्री ने बताया कि हमारे द्वारा आकोदिया रोड एवं एबी रोड पर मौजूद मिष्ठान भंडारो पर हमारे द्वारा जांच की गई। हमारे द्वारा होली पर्व को लेकर मकद के लड्डू, गुपचुप मिठाई और मावा मिठाईयों के सैंपल लिए गए है। इस दौरान पुलिस प्रशासनिक अमला मौजूद रहा। समाचार लिखे जाने तक अन्य प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई जारी रही।

### बिजली बिल वसूली अभियान हुआ सख्त

# बिल नहीं भरने वालों के कनेक्शन काटे

## सादनखेड़ी और रामपुरिया गांवों की काटी जाएगी बिजली, उपभोक्ताओं पर लाखों रुपए हैं बकाया

**गुड इवनिंग, सारंगपुर**

सारंगपुर क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में बिजली कंपनी के वसूली अभियान के तहत लाखों रुपये बकाया वाले गांवों के कनेक्शन को फिर से काटा जा रहा है। साथ ही जिन गांवों में कम बकाया है या जो लोग जमा कर रहे हैं उन्हें छोड बाकियों के कनेक्शन भी काटे जा रहे है। दोबारा जोडने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

दरअसल, करोडों रुपए की बकाया राशि वसूलने के लिए बिजली कंपनी ने सख्ती की है। गांव, शहरी क्षेत्र के घरेलू, पम्प और व्यवसायिक सभी प्रकार के कनेक्शनों की जांच की जा रही है। कंपनी ने अपने एसई, डीई, जेई को वसूली का जिम्मा दिया है, जिसकी मॉनीटरिंग हर दिन की जा रही है।





**100 फीसदी बकाया वाले ही काट रहे-** सारंगपुर सहायक यंत्री अरविंद रानोलिया ने बताया कि 100 फीसदी बकाया वाले गांव ही हमने काटे हैं, जहां की कुछ राशि जमा हैं वहां उन्हीं के कनेक्शन काट रहे हैं जिनके बिल बकाया हैं। जो नियमित बिल जमा कर रहे हैं उन्हें हम परेशान नहीं कर रहे। बकाया बिल तो देना ही होगा। शासन स्तर पर ही वसूली के लिए निर्देश हैं। परीक्षा के दौर है, इसके बाद फिर से बकायादारों पर कार्रवाई यथावत तरीके से शुरू की जाएगी।

**इन गांवो की काटी बिजली-** मऊ डीसी के तहत आने वाले गांव सादनखेड़ी में 4 लाख 50 हजार रुपये बकाया होने पर लाईट काटी गई। जबकि रामपुरिया गांव 63 केवी कॉलोनी वाला ट्रांसफार्मर पर 1 लाख 3368 राशि बकाया होने पर लाइन काटी गई है।

**कंपनी की अपील**

सहायक यंत्री अरविंद रानोलिया ने बताया कि यदि उपभोक्ता तत्काल अपने बकाया का भुगतान नहीं करते हैं, तो नियमानुसार ग्राम के समस्त बकायादार उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन विच्छेद करने की कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए कंपनी द्वारा प्रशासन एवं पुलिस बल की सहायता ली जाएगी। इस संबंध में यदि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा होती है, तो इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी उन्हीं की होगी। जनप्रतिनिधियों से अनुरोध है कि वे उपभोक्ताओं को बकाया भुगतान हेतु प्रेरित करें एवं प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से संपन्ना कराने में सहयोग दें।

# पश्चिमी मप्र प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन के प्रदेशिक चुनाव संपन्न




**गुड इवनिंग, सारंगपुर**

पश्चिमी म. प्र. प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन के चुनाव मुख्य अतिथि अनिरुद्ध मारू विधायक मनासा, युवा संगठन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक इनानी, निर्वाचन अधिकारी मधुसूदन मुंगढ के आतिथ्य में निर्विरोध संपन्न हुए। युवा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक बजाज सुसनेर, प्रदेश सचिव सपन माहेश्वरी इंदौर, संगठन मंत्री गोविंद गुप्ता अलीराजपुर, कोषाध्यक्ष अंकित शारदा मनासा, प्रचार मंत्री मनीष गगरानी सारंगपुर, सांस्कृतिक मंत्री गौरव दरक इंदौर, खेल मंत्री रजत लड्ढा, प्रदेश संयोजक हितेश बाहेती कुरावर को बनाया गया। सम्भगीय अशोक काकानी, राजगढ जिला माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष जीतेन्द्र बाहेती, महिला मंडल जिला अध्यक्ष शालिनी भट्टर राजगढ, जिला युवा संगठन के अध्यक्ष शुभम चांडक, केशव बिहानी, राजेश बिहानी, जगदीश बाहेती, संपत मोदानी, महेंद्र दुधानी, दीपक चांडक, कुमुद बिहानी, सुनीता डांगरा, शर्मिला झंवर, कविता बिहानी, चिराग मोदानी, आनंद डांगरा, मोनू बाहेती, गोविंदा मुंदडा आदि समाज जानों के द्वार गगरानी एवं बहेती को बधाई दी गई। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी सतीश परतानी के द्वार दी गई।

# सिद्ध चक्र मंडल महाविधान में की गई 128 मूल गुण की पूजा

**गुड इवनिंग, सारंगपुर**

सिद्ध चक्र मंडल महाविधान 128 मूल गुण की पूजा अर्चना की गई। पांचवे दिन विभिन्न कार्यक्रम हुए। नगर में विराजमान सुश्री 105 सुदृष्टिमति माताजी ने अपने प्रवचन में कहा की आप सभी बहुत पुण्यशाली व्यक्ति है की आपको मनुष्य पर्याय मिली ओर उसमे भी आपको जैन कुल मिला हम 84 लाख योनि के बाद मनुष्य जन्म होता है। पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में अष्टानिका महापर्व के उपलक्ष में सिद्ध चक्र मंडल महाविधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन में चौथे दिवस 128 मूलगुण की पूजा की गई। सो धर्म पारस जैन द्वारा विधान पर 128 अर्घ्य समर्पित किये समाज जन को 105 सुद्दृष्टि मति माताजी का सानिध्य प्राप्त है। विधानाचार्य ब्रह्मचारी अभिषेक जैन गडा वालों ने सभी पुजाओं का विस्तार से अर्थ समझाते



हुए आज की विधान किर्याओ को पूर्ण कराया एंव सभी श्रावक को रात्रि जल त्याग, रात्रि भोजन त्याग, छनकर पानी पीने का नियम दिलावाया। पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर के सदस्य अनिल जैन के द्वारा 1008 शांतीनाथ भगवान की अष्टधातु की प्रतिमा को बेदी जी से ले जाकर पाँडुक शीला पर विराजमान किया आज प्रथम कलश से अभिषेक करने का सौभाग्य श्रीपाल अनिमेष जैन को, दिवतीय कलश से गुणधर जैन, तृतीय कलश से आशीष जैन, चतुर्थ कलश से पारस जैन एवं श्रेयांस सिंघई को प्राप्त हुआ प्रथम शांति धारा करने का सौभाग्य श्रीमती पल्लवी अर्पित, विधान जैन पुना को एवं दूसरी शांति धारा करने का सौभाग्य सो धर्म इंद्र पारस जैन को प्राप्त हुआ। आरती करने का सौभाग्य शांतिलाल जैन परिवार को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर के अध्यक्ष सुमत जैन, श्रीपाल जैन, गुणधर जैन, जैनपाल जैन, अरुण जैन, सुरेश जैन, अनिल जैन, दीपक जैन, आशीष जैन, नरेन्द्र जैन आदि उपस्तिथ थे। उक्त जानकारी पार्श्व नाथ दिगंबर जैन मंदिर के महामंत्री मनोज जैन द्वारा दी गई।

# बैंक ऑफ इंडिया के दफ्तर में महिला दिवस का आयोजन

**गुड इवनिंग, धार**

बैंक ऑफ इंडिया, आंचलिक कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आंचलिक प्रबंधक श्री रबीन्द्रनाथ सरकार, उप आंचलिक प्रबंधक श्री अरुण कुमार जैन, उप आंचलिक प्रबंधक (वसूली) श्री देवानंद गुप्ता, तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. निधि मित्तल उपस्थित रही। कार्यक्रम में कार्यालय की समस्त महिला स्टाफ एवं शाखा की महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुईं।




आंचलिक प्रबंधक रबीन्द्रनाथ सरकार ने संबोधित किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. निधि मित्तल ने स्त्रियों के स्वस्थ एवं तनाव मुक्त दिनचर्याः विषय पर गहन जानकारी प्रदान की और महिलाओं की भूमिका, सशक्तिकरण एवं उनके अधिकारों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में श्रीमती सुगंधि , श्रीमती शिविका, श्रीमती दिव्या, श्रीमती हर्षलता, श्रीमती शुभी, श्रीमती दीप्ति, सुश्री हर्षिता, सुश्री नेहा, सुश्री अमृता, सुश्री रियाली, सुश्री दिक्षा, और अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं। इस अवसर पर विभिन्न प्रेरणादायक कहानियां साझा की गई, जिससे उपस्थित महिलाओं को प्रेरणा मिली। कार्यक्रम का समापन सभी महिला कर्मचारियों के सम्मान और उनके योगदान को सराहते हुए किया गया।

### पर्यावरण प्रेमी दल कर रहा शहर में पेड़-पौधों की सेवा

# प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण हमारी नैतिक जिम्मेदारी

**गुड इवनिंग, सारंगपुर**

प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण ईश्वरीय पूजा से कम नहीं है यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी है। इसी पवित्र भाव को आत्मसात करते हुए नगर के विभिन्ना शासकीय विभागों से सेवानिवृत कर्मचारी अधिकारी अपनी नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में विगत 25 वर्षों से यह पर्यावरण प्रेमी दल निस्वार्थ भाव से सलग्न हैं। बताया गया कि सर्वप्रथम शिक्षा क्षेत्र में कार्यरत रहे विष्णु प्रसाद जोशी ने सन 2000 में पिता के देव लोग गण होने पर स्थानीय मुक्तिधाम फिर कपिलेश्वर से पौधे लगाने की शुरूआत की थी उस समय उनके साथ मोहल्ला बडी होली के कुछ लोग जुडे थे जो कुछ दिनों पश्चात धीरे-धीरे बंद हो गए तब उन्होंने अपने बच्चों की मदद ली और लगाए गए पौधों को पीपों द्वारा पानी से सींचा। इसी वर्ष शिक्षक नंद किशोर सोनी के छोटे भाई ब्रजकिशोर का आकस्मिक एक्सीडेंट में निधन हो गया, जिससे आहत होकर उनकी स्मृति और माता की स्मृति में पर्यावरण प्रेमी जोशी के साथ जुडकर सप्ताह में रविवार अवकाश के दिन पौधों की जल सेवा करने लगे।

### वर्ष 2003 से पर्यावरण दल कर रहा काम

वर्ष 2003 में पिता की मृत्यु होने से उनकी स्मृति में स्थानीय पाल्या रोड पर 50 पौधों का रोपण किया गया जिसमें 5000 रुपये के ट्री गार्ड लगाकर जल सेवा करते हुए वृक्ष बनने तक निरंतर देखभाल की। शिक्षा विभाग से ही पर्यावरण के प्रति रुचि रखने वाले शिवाजीराव शिंदे, रामनारायण टेटवाल इस अभियान में सम्मिलित हुए। वर्ष 2012 में न्याय विभाग के लक्ष्मी नारायण त्रिकार ने भी इस



दिशा में कदम रखा, जिन्होंने इस वर्ष शासकीय अवकाश के दिनों में पर्यावरण प्रेमियों के साथ काम करते और अधिक लालसा जागी तब 2013 में सेवा निवृत्ति के बाद से इस अभियान में शामिल हैं। इसी श्रृंखला में जय हिंद प्रकाश दुबे, प्रेम नारायण पुष्पद, राजेंद्र सिंह राणा आबकारी विभाग, इस बीच शिव सिंह चौहान, कैलाश चंद्र राठौर पी डब्लू डी भी जुडे। पर्यावरण प्रेमी नंदकिशोर सोनी ने बताया हमारा पर्यावरण प्रेमी दल फलदार पौधे नहीं लगता है हां औषधीय पौधे आवश्यक लगते हैं और उन्हें बिना ट्री गार्ड के कोई पौधा नहीं लगते पौधे को जीवित रखने, बडा करने के लिए सुरक्षा गार्ड अत्यंत आवश्यक है। पर्यावरण प्रेमीयो का कहना है नगर के देवस्थान, सार्वजनिक स्थान आदि पर पौधारोपण करना हमारी जिम्मेदारी मानते है। संख्यात्मक पौधे नहीं लगते प्रतिवर्ष 200 अथवा 300 पौधे लगते है। प्रतिवर्ष मानसून सत्र वर्षा काल में पौधे लगाना, और वर्ष भर उनकी देखभाल करना यह प्राथमिकता रही है। इस प्रकार पौधारोपण कपिलेश्वर परिसर, खेडापति हनुमान मंदिर परिसर, व्यायाम शाला, रेलवे स्टेशन, तहसील, अस्पताल परिसर, शिव धाम मंदिर परिसर, देव कुआं चिंता मनेश्वर महादेव मंदिर एवं पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर, सहित छनीहारी, पनिहारी पाडल्या रोड के दोनों ओर, पीर मीठा शाह बाबा, मुक्तिधाम परिसर, बाल मुक्ति धाम सहित माध्यमिक विद्यालय तारागंज, तलेनी, महाविद्यालय परिसर, मंडोदा जोड, जयनगर गोपालपुरा मंदिर परिसर, सारंगपुर बस स्टैंड से बाईपास जोड तक विभिन्ना प्रजाति के पौधे लगाए जो वृक्ष का रूप ले चुके हैं चारों और सर्वत्र हरियाली दृष्टिगोचर होती है हरीतिमा मन को भाती हैं।

## संपादकीय

# अमेरिका के शेयर बाजार में हड़कंप, 16 साल बाद अमेरिका से सस्ता भारतीय बाजार

दुनिया के देशों में आर्थिक मंदी का तूफान शुरू हो गया है। आने वाले कुछ ही महीनों में यह तीव्र गति से आगे बढ़ेगा। अमेरिकी शेयर बाजार में भारी गिरावट का दौर शुरू हो गया है। नैस्डेक कंपोजिट 4.25 फीसदी, डाउ जॉन्स 1.83 फीसदी, एसडीपी 500 2.75 फीसदी गिरावट के साथ कारोबार कर रहे हैं। टेस्ला के शेयर 13.75 फीसदी गिर गए हैं। एनवीडीया के 5.5 फीसदी, एप्पल के 5.78 फीसदी, गूगल के 5.18 फीसदी, मेटा के 5.58 फीसदी तथा गोल्डमैन सैश के 5.97 फीसदी गिरावट के साथ शेयर बाजार में कारोबार हुआ है। अमेरिका के लिस्टेड शेयरों में काफी बड़ी गिरावट देखने को मिल रही है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हतप्रभ हैं। उन्हें समझ ही नहीं आ रहा है, शेयर बाजार की इस गिरावट को लेकर वह क्या बोलें। इसी तरह से भारतीय शेयर बाजार में पिछले 6 माह से लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। भारतीय शेयर बाजार 19 साल बाद अमेरिकी शेयर बाजार से सस्ते हो गए हैं। 2009 के वैल्यूएशन के अनुसार पहली बार डाउ जॉन्स इंडस्ट्रियल का एवरेज भारतीय शेयर बाजार पिछले 1 साल में 21.8 गुना कारोबार कर रहा है। जबकि डाउ जॉन्स 22.4 गुना कारोबार कर रहा है। भारतीय शेयर बाजार को थामने के लिए सरकार और वित्तीय संस्थाओं द्वारा पिछले कुछ समय पहले जो प्रयास किए गए थे। वह सब शेयर बाजार की गिरावट मे पूंजी डालने के कारण जिस तरह कीचड़ में पानी डालने से कीचड़ बढ़ता है। शेयर बाजार में पूंजी डालने के कारण जो पैसा शेयर बाजार में डाला गया, वह भी बिकवाली के कारण बाजार से निकल गया। विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजार से लगातार बिकवाली कर रहे हैं। अक्टूबर 2024 के बाद से विदेशी निवेशकों ने भारत में फाइनेंशियल सर्विसेज, आयल ऐंड गैस, ऑटोमोबाइल, एमएफजी, कंज्यूमर सर्विसेज, कंस्ट्रक्शन और पावर सेक्टर में लगातार बिकवाली की है। विदेशी निवेशकों ने अक्टूबर 2024 के बाद से अभी तक 2 लाख करोड़ से ज्यादा की बिकवाली की है। भारतीय शेयर बाजार में लार्ज मिडकैप और स्मॉलकैप के शेयरों की बड़े पैमाने पर बिकवाली शुरू हो गई है। देसी निवेशक भी शेयर बाजार से भयभीत हैं। वह भी अपने शेयर बेचकर बाहर निकलना चाहते हैं। स्मॉल कैप और मिड कैप के शेयर अपनी फेस वैल्यू पर पहुंच रहे हैं। जिसके कारण देसी निवेशकों का हौसला पूरी तरह से टूट गया है। अमेरिका से शुरू हुए टैरिफ बार ने पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को तहश-नहश करने का काम किया है। आर्थिक मंदी के इस दौर में अमेरिका ने जो टैरिफ बार शुरू किया है, उसका खामियाजा अब अमेरिका को भी भुगतना पड़ रहा है। डोनाल्ड ट्रंप के सलाहकार एलन मस्क को ऐसा खामियाजा भुगतना पड़ेगा, इसका एहसास तो उन्हें भी नहीं रहा होगा। आर्थिक विशेषज्ञों के अनुसार सारी दुनिया के देश इस समय कर्ज की समस्या से जूझ रहे हैं। कर्ज के कारण दुनिया भर के आम आदमी से लेकर दुनिया की सभी सरकारें कर्ज और ब्याज से परेशान हैं। आमदनी अठन्नी और खर्चा रुपैया की तर्ज पर, पिछले 30 सालों से कर्जा लेकर घी पीने की पूंजीवादी अर्थव्यवस्था समाप्त होने की कगार पर है। दुनिया के देशों में महंगाई-बेरोजगारी की समस्या दिनों-दिन बढ़ती ही चली जा रही है। जिसके कारण सरकारों के खिलाफ आम जनता नाराज होकर सड़कों पर आने लगी है। निम्न एवं मध्यम वर्ग के पास खर्च करने के लिए पैसा नहीं है, जिसके कारण औद्योगिक उत्पादन भी घटता चला जा रहा है। दुनिया भर की सरकारों ने पिछले 30 सालों में बहुत टैक्स बढ़ाया है। पिछले 30 वर्षों में सरकारों ने अपने खर्च भी बढ़ाए थे। अब कर्ज नहीं मिल रहा है। ब्याज के बोझ से दबकर खर्च करने लायक पैसे भी नहीं बचे हैं। अमेरिकी सरकार को भी अपने कर्ज और खर्च घटाने के लिए जो प्रयास करने पड़ रहे हैं, इसका असर अमेरिका पर पड़ रहा है। इसकी शुरूआत में ही बड़ा खामियाजा अमेरिका को भुगतना पड़ रहा है। आसानी से समझा जा सकता है, कि आने वाले कुछ महीनो के अंदर ही पूरी दुनिया के देश, आर्थिक मंदी के शिकार होने जा रहे हैं। वैश्विक व्यापार संधि के कारण पिछले 30 वर्षों में सारी दुनिया के देशों में अर्थ व्यवस्था, पूंजीपतियों के हाथों में पहुंच गई थी। सारी दुनिया के देशों में कुछ ही लोगों के पास पूंजी एकत्रित होकर रह गई है। मध्यम और निम्न वर्ग के पास खर्च करने के लिए पैसे नहीं हैं। भारत जैसे देश में आर्थिक मंदी के कारण भारतीय बैंकों तथा भारतीय जीवन निगम जैसी संस्थाओं के लिए बड़ा खतरा उत्पन्न हो गया है। ऐसी स्थिति में एक बार फिर समाजवादी व्यवस्था की ओर सारी दुनिया के देशों को ध्यान केंद्रित करना होगा। तभी इस समस्या से निजात मिल सकती है। वैश्विक व्यापार संधि जो अभी पूंजीपतियों का एकाधिकार कायम करती है, इसमें बदलाव करने की जरूरत है। पूंजीवाद के साथ-साथ समाज के मध्यम और कमजोर वर्गों को भी साथ लेकर चलने की नीतियां बनानी होंगी। आम जनता पर टैक्स कम करना होगा। रोजगार और महंगाई जैसे विषय पर भी ध्यान देने की जरूरत है।

## सड़क खोदकर बढ़ाई मुसीबत...




इंदौर। विजय नगर क्षेत्र की कॉलोनी से स्कीम नं. 78 की ओर जाने वाली सड़क की दशा सुधर ही नहीं रही है। पहले से बदहाल इस सड़क की पाइप लाइन डालने के लिए खुदाई की गई। इसके बाद यहां पानी भरने लगा है।

### मामला रीगल चौराहे का : रीगल ब्रिज उतरने के बाद बिना गोल चक्कर लगाए मुड़ती है बसें, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

# जानलेवा बन सकता है ये शॉर्टकट

*गुड इवनिंग, इंदौर। शहर के तकरीबन हर रुट पर सिटी बसें संचालित हो रही है, इन बसों में बड़ी संख्या में यात्री भी सवार रहते है। कई बार तो सिटी बस वाले इतने अधिक यात्री बैठा लेते है, जिससे कई यात्रियों गेट पर ही खड़े-खड़े सफर करना पड़ता है। वहीं कुछ सिटी बस वाले नियमों को भी ताक में रखते है, उन्हें यह नहीं लगता है कि उनके कारण कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।*

### रेड लाइट पर नहीं रुकना पड़े, इसलिए नियम ताक में रख सिटी बस लेती है यू टर्न



फिलहाल हम बात कर रहे है शहर के व्यस्तम रीगल चौराहे की। इस व्यस्तम चौराहे पर ही कई सिटी बस वाले नियम को ताक में रखकर यू टर्न लेते है। अकसर यह देखा गया है कि जब कोई सिटी बस रीगल ब्रिज उतरते हुए रीगल चौराहे पर पहुंचती है तो कायदे से बस वाले को पूरा सर्कल घूमकर छोटी ग्वालटोली की तरफ जाना चाहिए लेकिन कई बस वाले ऐसा नहीं करते है। वह ब्रिज उतरने के बाद सर्कल घूमे बिना ही छोटी ग्वालटोली की और बस को मोड़ देते है और छोटी ग्वालटोली थाने की और निकल जाते है। इससे उन वाहन चालकों को बड़ी दिक्कत होती है जो हाई कोर्ट की तरफ से आकर रीगल ब्रिज चढ़ते है। सर्कल नहीं घूमने पर बस वाले को रेड लाइट पर रुकने की जरुरत ही नहीं पड़ती यानी रेड लाइट बीच में आती ही नहीं है। यहां कई बस वाले तो इतनी तेजी से यू टर्न करते है जिसे देखकर कई वाहन चालक डर भी जाते है। बस ड्राइवर को यह अच्छी तरह से पता है कि उन्हें कोई पुलिसकर्मी ऐसा करने से रोकेगा ही नहीं। ऐसे में वह बड़े हादसे को बुलावा देने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है।

### जगह-जगह रोकना भी बन चुकी है इनकी आदत

जब सिटी बस का संचालन शुरू किया गया था तब यह बताया गया था कि सिटी बस अपने तय स्टॉप पर ही रुकेगी, तय स्टॉप से ही सवारी बैठाएगी और वहीं सवारी को उतारेगी भी लेकिन अब ऐसा नहीं हो रहा है। अब सिटी बस वाले कहीं से भी सवारी बैठाते है और उतारते है। इससे बस एक जगह से दूसरी जगह देरी से पहुंचती है। बस में बैठे यात्री इसका विरोध भी नहीं कर पाते है क्योंकि उन्हें पता है कि उनके विरोध करने से इनकी आदतों में कोई सुधार नहीं आएगा।

# बदमाशों को थाने बुलाकर दी चेतावनी थमाए रेड नोटिस

### टीआई बोले- घर पर त्यौहार मनाना

**गुड इवनिंग, इंदौर**

परदेशीपुरा थाने में पुलिस ने बदमाशों को रेड नोटिस दिए हैं। आगामी त्योहारों को देखते हुए पुलिस अलर्ट मोड में है और अपराधियों पर नजर बनाए हुए है। क्षेत्र के बदमाशों को थाने में बुलाया गया और उनके हाथों में रेड नोटिस थमा दिया गया। टीआई आर.डी. कानवा ने सभी को थाने के बाहर खड़ा कर सख्त चेतावनी दी कि वे त्योहार के दौरान अपने घरों में ही रहें और किसी भी आपराधिक गतिविधि में संलिप्त न हों। यदि कोई अपराध किया गया, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। टीआई आर.डी. कानवा ने बताया कि जिन अपराधियों पर दो या अधिक केस दर्ज हैं, उन्हें रेड नोटिस देकर सूचित किया गया है। यदि वे किसी भी आपराधिक गतिविधि में संलिप्त पाए गए, तो बाउंड ओवर उल्लंघन की कार्रवाई की जाएगी। अब तक 20 से अधिक बदमाशों को रेड नोटिस दिए जा चुके हैं और 100 से अधिक बदमाशों का बाउंड ओवर कराया गया हैं। थाना क्षेत्र में कुल 137 बदमाशों की लिस्ट बनाई गई है, जिन पर पुलिस नजर रखे हुए है। पुलिस का स्पष्ट निर्देश है कि सभी बदमाश त्योहार शांति से अपने घरों में मनाएं और किसी भी अवैध गतिविधि से दूर रहें। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने पर सख्त कानूनी कार्रवाई होगी ।



इंदौर। स्कीम 114 में कल घर के बाहर खड़ी कार में आग लग गई। आग के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है।

# 18 वाहनों से वसूला 51 हजार का जुर्माना




**गुड इवनिंग, इंदौर**

क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इंदौर द्वारा लोक परिवहन वाहन बसों, स्कूली वाहनों सहित अन्य वाहनों की लगातार चेकिंग की जा रही है। मंगलवार को विभाग के अमले ने इंदौर-इंडोरामा, इंदौर -पीथमपुर सागौर कुटी रूट की बसों की सघन चेकिंग की। इसमें वाहनों के फिटनेस, परमिट, बीमा, पीयूसी, कर प्रमाण पत्र चेक किए गए। बसों में ओवरलोडिंग, अधिक किराया की भी जांच की गई। वाहनों पर हाई सिक्युरिटी नम्बर प्लेट लगवाने के लिए प्रेरित किया गया। वाहन की गति, स्पीड गवर्नर सहित दस्तावेज की चेकिंग की गई। दस्तावेज नहीं होने, क्षमता से अधिक सवारी पाए जाने, सवारियों से अधिक किराया लेने, परमिट शर्तों का उल्लंघन करने वाली बसों के साथ ही लोक परिवहन वाहनों में विभिन्न कमियां पाए जाने पर 18 से अधिक वाहनों पर जुमार्ना लगाया गया। इस दौरान 51 हजार रुपए से अधिक का जुर्माना वसूला गया।

## साइबर ठगोरों ने बनाई रिटायर स्पेशल डीजी की फर्जी आईडी, ठगी का किया प्रयास

इन्दौर। साइबर ठगोरों ने सोशल नेटवर्किंग साइट पर रिटायर्ड स्पेशल डीजी की फर्जी आईडी बना उनके फर्नीचर बेचने का झांसा देकर परिचितों को ठगने की नाकाम कोशिश की। रिटायर्ड स्पेशल डीजी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर ठगोरो की तलाश शुरू कर दी है। मामले में बताया जा रहा है कि रिटायर्ड स्पेशल डीजी अनवेश मंगल की फर्जी आईडी बनाकर सोशल साइट्स पर ठगने का प्रयास किया गया। ठगोरो ने सोशल साइट्स पर उनकी आई डी के जरिए परिचितों को कहा कि मेरे एक मित्र संतोष कुमार सीआरपीएफ में हैं, उनका ट्रांसफर हो गया है और वे अपने फर्निचर बेचना चाहते हैं, जो बहुत अच्छा है, मैं आपको नंबर भेज रहा हूं, आप इसको खरीद सकते हैं। इस तरह फर्नीचर बेचने का झांसा देकर लोगों को ठगने का जिसकी शिकायत उन्होंने क्राइम ब्रांच इंदौर में की है। शिकायत पर जांच कार्रवाई की जा रही है।

# 15 से 20 फीसदी महंगी होगी शराब, शासन ने टैक्स भी बढ़ाया

**गुड इवनिंग, इंदौर**

शराब दुकानों की नीलामी की प्रक्रिया इंदौर सहित अधिकांश जिलों में चल रही है। अभी इंदौर जिले की ही 34 देसी-विदेशी शराब की दुकानें बची हैं, जिन्हें ई-टेंडर के माध्यम से 13 मार्च तक नीलाम किया जाना है। वहीं 80 फीसदी दुकानों को 20 प्रतिशत अधिक मूल्य पर नवीन करने का विकल्प दिया गया, उसमें भी इंदौर में सफलता मिली है। वहीं शासन ने 10 फीसदी वैट टैक्स भी बढ़ा दिया, जिसके चलते आगामी वित्त वर्ष में शराब के दामों में 15 से 20 प्रतिशत तक की वृद्धि होगी।

शराब की कीमतें भले ही हर साल बढ़ती रहे मगर दूसरी तरफ उसकी खपत में कमी होने के बजाय उल्टा बढ़ोतरी हो रही है। इस बार भी शासन ने अपनी आबकारी नीति में वर्तमान शराब ठेकेदारों को ही यह विकल्प दिया कि वे 20 प्रतिशत अधिक दर पर अपनी दुकानों का आगामी वित्त वर्ष के लिए नवीनीकरण करा सकते हैं, जिसके चलते इंदौर जिले में 80 की बजाय 83 फीसदी बढ़ा हुआ राजस्व 139 दुकानों पर प्राप्त हुआ और 1476 करोड़ रुपए की ये दुकानें नीलाम हो गई। अब सिर्फ 13 समूह की 34 दुकानें बची है, जिनका आरक्षित मूल्य 304 करोड़ रुपए आंका गया है।



हालांकि दूसरी बार भी इन दुकानों को नीलाम करनेमें सफलता नहीं मिली। नतीजतन तीसरी बार यह प्रक्रिया शुरू की गई है। इस बार पूरे जिले का आरक्षित मूल्य 1781 करोड़ 51 लाख रुपए तय किया गया, जिसमें से 139 दुकानों के नवीनीकरण प्रस्तावों के चलते 1476 करोड़ का राजस्व मिलना तो सुनिश्चित हो गया है। दूसरी तरफ शासन ने 10 प्रतिशत वैल्यू एडिट टैक्स बढ़ाने का भी निर्णय लिया, जिसके चलते प्रति प्रूफ लीटर 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो जाएगी। हालांकि आबकारी विभाग का कहना है कि शराब कम्पनियां मनमाने तरीके से दाम नहीं बढ़ा सकेगी। मगर 20 फीसदी अधिक मूल्य पर दुकानें लेने वाले ठेकेदार अवश्य दाम बढ़ाएंगे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक **राजीव धाम** द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग लून, 22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं सफायर ट्विन्स, 102 फर्स्ट फ्लोर, पीयू 3, विजयनगर, एबी रोड इंदौर, (म.प्र.) से प्रकाशित। फोन: 0731-4000244
आर.एन.आई. नंबर - MPHIN/2017/72473 डाक पंजीयन क्रमांक- MP/IDC/1550/2020-2022, **प्रधान संपादक : राजीव धाम, एग्जीक्यूटिव संपादक गिरिराज सिकरवार**, स्थानीय संपादक : **कमलेश गुरु** *, (*समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार)। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।